# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 251 । भोपाल, सोमवार 11 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

बिजली कटौती और भारी भरकम बिलों के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस पृष्ठ 2
▪ शाहरुख की हिम्मत का कमाल है : जवान
▪ 2024 के पहले हिंदू भावनाएं भड़काने की संघ-भाजपा की रणनीति पृष्ठ 4
▪ जीवन में छोटी असफलताओं से विचलित न होंः कलेक्टर पृष्ठ 6
औद्योगिक क्षेत्र में व्यापारियों पर 2 टैक्स न लगें यह सुनिश्चित करेंगे पृष्ठ 8

प्रधानमंत्री मोदी ने नवम्बर में वर्चुअल सत्र आयोजित करने का दिया सुझाव

# शांति के संदेश के साथ जी-20 का समापन

## मोदी ने ब्राजील को सौंपी जी-20 की कमान

• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश की राजधानी दिल्ली में दो दिनों के तक दुनिया के शीर्ष देशों के समागम सम्मेलन के बाद जी–20 समूह की बैठक खत्म हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक श्लोक के माध्यम से पूरी दुनिया में शांति एवं सौहार्द की प्रार्थना करते हुए इसके समापन की घोषणा की और दिसम्बर से इसकी मेजबानी की जिम्मेदारी ब्राजील को सौंप दी। इसके साथ उन्होंने सदस्य देशों के सामने नवम्बर माह में एक वर्चुवल सत्र आयोजित करने का भी सुझाव दिया।

अपने समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो दिनों तक चली बैठक में सदस्य देशों के समाम सुझाव और प्रस्ताव आए। ऐसे में जबकि भारत के पास अभी नवम्बर 2023 तक जी–20 की अध्यक्षता है,तो वे चाहते हैं कि जो सुझाव आए हैं,उनकी एक बार फिर से समीक्षा की जाए। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि नवम्बर के आखिर में जी–20 समूह का एक वर्चुवल सत्र आयोजित किया जाए। इससे पहले उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को जी–20 की अध्यक्षता सौंपते हुए पारम्परिक गैवल(एक प्रकार का हथौड़ा) सौंपा और शुभकामनाएं दी। ब्राजील 1 दिसम्बर 2023 से औपचारिक रूप से इस समूह का अध्यक्ष बन जाएगा और अगले साल जुलाई ▪ शेष पृष्ठ 8 पर



## राष्ट्राध्यक्षों की पत्नियों को भाए छत्तीसगढ़ी पकवान

*छत्तीसगढ़ के बस्तर का मिलेट विशेषकर रागी से बने लड्डू जी–20 में आए राष्ट्राध्यक्षों और उनकी पत्नी को काफी भाया। विभिन्न देशों के प्रमुखों की प्रथम महिलाओं और जीवनसाथियों को नई दिल्ली के पूसा रोड पर आईएआरआई परिसर में एक कृषि प्रदर्शनी के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया। छत्तीसगढ़ के बस्तर से आईं महिलाओं ने मिलेट से बनने वाले पकवानों को विशेष तौर पर तैयार किया था। बस्तर ज़िले के बास्तानर ब्लॉक से पहुंचीं संगीता कश्यप ने बताया कि उन्होंने मिलेट के लड्डू, रागी कुकीज़, रागी चकली, कोदो–कुटकी आदि मिलेट से तैयार होने वाले पकवान बनाए थे।*

भरत मंडपम में जलभराव का वीडियो वायरल

## जरा सी बारिश में तैरता दिखाई दिया विकास : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारी बारिश के बाद भारत के जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम में पानी भर जाने की तस्वीरें वायरल हो गईं, इसके बाद कांग्रेस को केंद्र सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया।

**सरकार ने किया खंडन**

उन्होंने कहा, एक बारिश ने खोखले विकास के दावे को उजागर कर दिया है। लेकिन सरकार की ओर से इसका खंडन किया गया। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से जलमग्न भारत मंडपम का वीडियो संलग्न करते हुए कहा, खोखला विकास मॉडल उजागर हो गया। भारत मंडपम जी20 के लिए तैयार किया गया था और 2,700 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। एक ही बारिश ने दावों की पोल खोल दी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 3,000 करोड़ रुपए की लागत से बना भारत मंडपम ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## जी 20 नेताओं ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये विश्व नेताओं ने आज राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो , चीन के प्रधानमंत्री ली चियांग, इटली की प्रधानमंत्री जिओर्जियो मेलोनी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव तथा अन्य राष्ट्राध्यक्ष/ शासनाध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख राजघाट पहुंचे। राजघाट पहुंचने पर सभी मेहमान नेताओं का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### आदित्य एल-1 ने तीसरी कक्षा में किया प्रवेश

**चेन्नई, एजेंसी।** सूर्य अध्ययन के लिए भेजे गये भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पहले सौर खोजी मिशन आदित्य–एल1 ने सफलतापूर्वक तीसरी कक्षा में प्रवेश कर लिया है। इसरो ने आज यहां बताया कि रविवार तड़के 0230 बजे इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) ने आदित्य एल 1 सफलतापूर्वक अगली कक्ष में पहुंचाया। अभियान के दौरान मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी–शार और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने उपग्रह पर नजर बनाये रखी गई। उन्होंने बताया कि नयी कक्ष 296 किमी गुणा 71767 किलोमीटर है। अगली चौथी कक्ष में प्रवेश के लिए 15 सितंबर तड़के दो का समय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत ने दो सितम्बर को अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 को सूर्य और अंतरिक्ष के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किया था। यह सूर्य मिशन पृथ्वी के सबसे नजदीक इस तारे की निगरानी करेगी और सोलर विंड जैसे अंतरिक्ष के मौसम की विशेषताओं का अध्ययन करेगा।

### मोरक्को भूकंप में मरने वालों की संख्या 2 हजार से अधिक हुई

**रबात, एजेंसी।** मोरक्को में शुक्रवार की रात आये शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हजार से अधिक हो गयी है। इस बीच मोरक्को में शनिवार से तीन दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी है। मोरक्को के किंग मोहम्मद चतुर्थ ने विनाशकारी आपदा पर कल बैठक बुलाई। बैठक में राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। शाही कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय शोक के दौरान सभी सार्वजनिक स्थलों पर झंडे आधे झुके रहेंगे। देश के गृह मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2012 हो गयी है जबकि 2059 लोग घायल हुए हैं , जिनमें 1404 की हालत गंभीर है। भारत, अमेरिका, अरब लीग, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, कतर, ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया, ईरान, तुर्किये, इजराइल, फ्रांस और जर्मनी तथा अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मोरक्को को सहायता की पेशकश की है।

### भाजपा का उद्देश्य केवल अमीरों को बढ़ावा देना



**जयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा की नीतियों का उद्देश्य केवल अमीरों को बढ़ावा देना है। उनका देश के गरीबों या मध्यम वर्ग के लोगों से कोई लेना–देना नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काफिले पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं जबकि वह खुद को धरती पुत्र कहते हैं। प्रियंका गांधी ने राजस्थान के टोंक में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश जाते हैं और अपने उद्योगपति दोस्तों के लिए सौदे करते हैं। भाजपा की नीतियों का उद्देश्य केवल अमीरों को बढ़ावा देना है और उनका गरीबों या मध्यम वर्ग से कोई लेना–देना नहीं है।

### आरक्षण मुद्दे पर शिंदे ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

**जालना, एजेंसी।** मराठवाड़ा क्षेत्र के साथ–साथ महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में मराठा आरक्षण का मुद्दा गहराने के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इससे पहले सात सितंबर को श्री शिंदे ने मराठों को आरक्षण प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। वहीं, राज्य सरकार ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे पाटिल से जालना जिले में इस मुद्दे पर शुरू किए गए अपने दस दिवसीय अनशन को समाप्त करने की भी अपील की थी।

### त्रिपुरा उपचुनाव के नतीजों में बड़े पैमाने पर धांधली : माकपा

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारी मतों के अंतर से जीतने के एक दिन बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पोलित ब्यूरो एवं पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने कहा है कि सिपाहीजला जिले के बॉक्सानगर और धनपुर नतीजों से चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली का संकेत मिले है।

पेरिस में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ की बातचीत

# भाजपा का हिंदुत्व से कोई लेना-देना नहीं है



**पेरिस, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा और आरएसएस का हिंदुत्व से कोई लेना–देना नहीं है और वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करेंगे। फ्रांस के पेरिस में साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैंने गीता पढ़ी है। मैंने कई उपनिषद पढ़े हैं और कई हिंदू किताबें पढ़ी हैं। भाजपा जो करती है उसमें हिंदू जैसा कुछ भी नहीं है। बिल्कुल कुछ भी नहीं।

केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले गांधी ने कहा, मैंने कहीं भी किसी हिंदू किताब में नहीं पढ़ा है, किसी विद्वान हिंदू व्यक्ति से नहीं सुना है कि आपको उन लोगों को आतंकित करना चाहिए या उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए जो आपसे कमजोर हैं। भाजपा और आरएसएस का हिंदू धर्म से कोई लेना–देना नहीं है। वे किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहते हैं और सत्ता पाने के लिए वे कुछ भी करेंगे। सरकार पर कटाक्ष करते हुए गांधी ने कहा, भाजपा और आरएसएस जो करने की कोशिश कर रहे हैं, मुझे लगता है कि उसका मुकाबला करने की जरूरत है। इसके लिए राजनीतिक कल्पनाशक्ति की आवश्यकता है। ऐसा किया जाना बहुत ज़रूरी है। भाजपा और आरएसएस निचली जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आदिवासियों और अल्पसंख्यक समुदायों की अभिव्यक्ति और भागीदारी को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे लिए, जहां किसी दलित या मुस्लिम या किसी के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है या उस पर हमला किया जा रहा है, यह वह भारत नहीं है ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## नीदरलैंड पहुंचे राहुल गांधी

**एम्सटर्डम, एजेंसी।** यूरोप के छह दिवसीय दौरे पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को नीदरलैंड पहुंच गए हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सचिव वीरेंद्र वशिष्ठ ने कहा, केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी का विज्नहेवन में लीडेन विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में शिरकत करने की योजना है। सोमवार को राहुल गांधी नॉर्वे में होंगे। जहां वह ओस्लो यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

भाजपा को लगा बड़ा झटका

# पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा ने थामा कांग्रेस का हाथ



## टीकमगढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी कांग्रेस में शामिल

पिछले दिनों शर्मा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस मौके पर शर्मा ने भाजपा में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया।

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव से पहले दल–बदल का खेल जारी है। राज्य में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। नर्मदापुरम के पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा व टीकमगढ़ जिले के भाजपा नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया।

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित समारोह में नर्मदापुरम जिले से दो बार विधायक रहे शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश पिछड़ रहा है। जो दुर्व्यवस्था का आलम है, इस पर रोक लगाना जरुरी है। मगर भाजपा ने लोकतंत्र को ही छोड़ दिया है। शर्मा के भाई विधायक सीताशरण शर्मा भाजपा में है और विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ सैकड़ों वाहनों में सवार होकर भोपाल पहुँचे कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ली। टीकमगढ़ जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भक्ति तिवारी ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

सैंपल पेपर को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पैटर्न में होंगे बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा पैटर्न में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीबीएसई ने यह बदलाव अगले वर्ष 2024 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में करने का फैसला किया है। छात्रों को बदलाव के बारे में समझाने के लिए बकायदा नए सैम्पल पेपर भी रिलीज कर दिए गए हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक, जो छात्र अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे छात्र जारी किए गए इन सैम्पल पेपर्स की मदद से इन बदलावों को जान सकते हैं। सीबीएसई के यह सैंपल पेपर छात्रों को अभी से जानकारी देंगे कि आने वाली परीक्षा में किस प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। प्रश्नों के अलावा छात्रों को यह भी पता लग सकेगा की परीक्षा में किस प्रकार की मार्किंग रहेगी। सीबीएसई ने अपने यह नए सैंपल पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए हैं। बोर्ड परीक्षा में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब 50 प्रतिशत सवाल कंपीटेंसी बेस्ड होंगे। वर्ष 20 24 में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से इन सैंपल पेपर का पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। वर्ष 20 24 से लागू होने वाले सीबीएसई परीक्षा में एनालिटिकल, कॉन्सेप्ट बेस्ड सवाल ज्यादा आएंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके अलावा एमसीक्यू, शॉर्ट आंसर्स सभी में सवालों की वेरायटी यही रहेगी। तकरीबन 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू, और एक से दो मार्क्स के रूप में बदल दिए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अब बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई पद्धति से कोचिंग और याद रखने की आवश्यकता में कमी आएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा स्कूली शिक्षा पद्धति ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## कम से कम 2 भाषाएं पढ़नी होंगी

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कक्षा 11 और 12 के छात्रों को कम से कम दो भाषाएं पढ़नी होंगी। मंत्रालय का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई जाने वाली इन भाषाओं में से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए।

ग्वालियर में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 1 करोड़ 30 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी राशि

# लाड़ली बहनों को साढ़े 4 सौ में मिलेगा गैस सिलेंडर, पक्का घर भी बनाया जाएगा

## 12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को मिलेंगे 25 हजार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि योजना बनाकर लाड़ली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। बाकी पैसे राज्य सरकार भरेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन गरीब बहनों के नाम छूट गए हैं उन बहनों से आवेदन लेकर लाड़ली बहना आवास योजना में उनका पक्का घर बनाया जाएगा। जिन गरीब लाड़ली बहनों के बिजली के बढ़े हुए बिल आए हैं उनके बढ़े बिल सरकार भरेगी। बढ़े हुए बिजली बिलों को इस महीने तक जीरो कर दिया जाएगा और अगले महीने से जिन बहनों की बिजली खपत एक किलोवाट से कम है उनके बिल सिर्फ 100 आएंगे। अगले साल से 12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने वाले बच्चों के खाते में 25 हजार डाले जाएंगे। बारहवीं कक्षा में गांव और शहर के स्कूल में जो बच्चे प्रथम, द्वितीय, तृतीय रैंक लाएंगे उन्हें स्कूटी दी जाएगी।


मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं आज ग्वालियर में लाड़ली बहना सम्मेलन में की। उन्होंने 1.31 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1269 करोड़ रूपये भेजे। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर को 387 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। श्री चौहान ने कहा कि सवा करोड़ लाड़ली बहनों का परिवार अब और भी बड़ा हो गया है। अब 21 से 23 साल की विवाहित बहनें एवं घर में ट्रेक्टर होने के कारण जो बहनें योजना का लाभ पाने से वंचित रह गई थीं, उन्हें जोड़कर अब यह परिवार लगभग 1.31 करोड़ बहनों का हो गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में बदलाव आ रहा है। कई बहनों ने स्वयं के व्यवसाय आरंभ किए हैं। अक्टूबर माह से बहनों को 1250 रूपए प्रतिमाह जारी किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गैस सिलेन्डर पर 200 रूपए कम किए हैं। हमने सावन में 450 रुपए में गैस सिलेन्डर उपलब्ध कराने का कहा था। इसी क्रम में प्रदेश में एक योजना लागू की जा रही है, जिसके अंतर्गत बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेन्डर देने की व्यवस्था होगी और शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना केवल योजना नहीं बल्कि एक आंदोलन है। यह आंदोलन है, बहनों के दु:ख दूर करने, उनकी जिंदगी खुशहाल बनाने, उन्हें मजबूर नहीं मजबूत बनाने और उनकी जिंदगी बदलने का। बहनों का स्नेह और प्रेम मेरे लिए बिना थके, बिना रूके काम करने की प्रेरणा है। हमारी सरकार बहनों की आमदनी हर महीने 10 हजार रूपए करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। महिलाओं के स्व–सहायता समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश के तीन टोल टैक्स नाके चलाने तक की जिम्मेदारी भी बहनों को दी गई है। टोल टैक्स से संकलित राशि का 30 प्रतिशत बहनों को दिया जाएगा।

### विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लगभग 4 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत से सिरोल क्षेत्र में बने यातायात पार्क, ट्रैफिक एज्यूकेशन सेंटर और ट्रेनीज हॉस्टल, 3 करोड़ रूपए की लागत से 13वीं वाहिनी एसएएफ में बने स्वीमिंग पूल, एक करोड़ 73 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित थाना भवन गिरवाई, 9 करोड़ 79 लाख रूपए की लागत से गार्वेज ट्रांसफर स्टेशन गौशाला और जलालपुर, 7 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से बनाए गए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरार क्र.–1 के 100 सीटर बालक और 100 सीटर बालिका छात्रावास, 7 करोड़ 72 लाख से निर्मित मॉडल स्कूल डबरा एवं 100 सीटर बालक और 100 सीटर बालिका छात्रावास, 48 लाख रूपए की लागत से बने महिला बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर और 3 करोड़ 46 लाख रूपए की लागत से शाउमावि हरिदर्शन में निर्मित 50–50 सीटर बालक व बालिका छात्रावास का वर्चुअल लोकार्पण किया। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### प्रदेश ने की अभूतपूर्व प्रगति



केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान महिलाओं, बालिकाओं के सशक्तिकरण, विद्यार्थियों की पढ़ाई और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संवेदनशीलता से सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने 186 गाँवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 344 करोड़ रुपए लागत की घाटीगांव परियोजना के शिलान्यास तथा अन्य निर्माण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार माना।

### मुख्यमंत्री के कार्यों से समाज का दृष्टिकोण बदला



केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि समाज में बेटी को बोझ माना जाता था लेकिन मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सामाजिक परिवर्तन की सोच और इस दिशा में किए गए कार्यों से बेटियों संबंधी प्रदेशवासियों के दृष्टिकोण को बदला है। महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का प्रभाव स्पष्ट दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर की पेयजल व्यवस्था के लिए अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया।

## सार समाचार

### लायंस क्लब गुना सेंचुरियन-शपथ ग्रहण संपन्न

**गुना, देशबन्धु।** लायंस क्लब गुना सेंचुरियन का सातवां अवार्ड नाइट एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। क्लब के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथिपूर्व प्रांत पाल डॉ. विष्णु गोयल रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रीजन चेयरमैन गोपेंद्र जैन, जोन चेयरमेन क्लेमेंट एलेकजेंडर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन कालिका चतुर्वेदी एवं प्रदीप गर्ग ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम की अगली कड़ी के रुप में डीके जैन द्वारा ध्वज वंदना। विश्व शांति के लिए प्रार्थना कराई गई तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्गान गाया गया। नवनीत जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन सदन की समक्ष प्रस्तुत किया गया। अपने कार्यकाल में सहयोग करने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंठकर सम्मानित के रूप में अवार्ड वितरित किए। सचिव सुकुमाल जैन द्वारा सत्र 2022-23 में उनके कार्यकाल का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि गोपेंद्र जैन द्वारा नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष के पद पर विश्वनाथ सिंह रघुवंशी, सचिव संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष तन्मय जैन एवं संपूर्ण कैबिनेट को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. गोयल द्वारा क्लब में शामिल हो रहे नवीन सदस्य लायन शिवराज सिंह रघुवंशी, कपिल भार्गव को शपथ दिलाई गई।

### बिगनर्स कोर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

**गुना, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ गुना के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार बिगनर्स कोर्स का आयोजन पदेन अध्यक्ष कलेक्टर तरूण राठी, जिला संगठन आयुक्त आलोक जैन, जिला कमिश्नर डीईओ के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उत्कृष्ट विद्यालय गुना में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के अप्रशिक्षित शिक्षकों शिक्षिकाओ ने सहभागिता की। उक्त कोर्स में संस्था में नवीन दल का गठन एवम उसका संचालन किस तरह करें। स्काउट गाइड के नियम प्रतिज्ञा, उद्देश तथा यूनिफार्म, बच्चों को राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार तक कैसे दिलाए। उक्त कोर्स का संचालन प्रताप नारायण मिश्रा द्वारा किया गया। कोर्स के अन्य सहयोगी हरिदत्त शर्मा, सुनील रघुवंशी, अरुणा शुक्ला, राखी नामदेव, नितेश जैन, मनोज, राजेश गोयल, आशिफ खान आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जितेंद्र ब्रह्मभट्ट एवं आभार सुरेंद शर्मा द्वारा व्यक्त किया।

### बीनागंज महाविद्यालय में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

**चांचौड़ा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बीनागंज नगर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में विधायक लक्ष्मण सिंह के सौजन्य से विशाल निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंदौर के प्रसिद्ध चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल के तद्धधान में डॉक्टरों की टीम बीनागंज पहुंची।

जहां पर उनका पुष्प वर्षा कर डॉक्टर का स्वागत सम्मान किया गया। स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर प्रवेश उत्सव मनाया। इसके बाद डॉक्टरों एवं विधायक के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर मलयार्पणकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा सभी की जांच एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर सौंपे ज्ञापन

# बिजली कटौती और भारी भरकम बिलों के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस



**गुना, देशबन्धु।** बिजली के भारी भरकम बिलों और बार-बार बिजली कटौती के खिलाफ रविवार को जिलेभर में कांग्रेस कार्यकर्ता सडक़ों पर उतरे। इस दौरान ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने ज्ञापन सौंपे। दरअसल बिजली के बिल में बढ़ोत्तरी, लंबे चौड़े बिल और समय पर बिजली का ना आने, बार-बार कटौती से लोगों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की भारी समस्या को देखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के निर्देशानुसार सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपे। इसी क्रम में जामनेर ब्लॉक द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें सभी मंडलम के अध्यक्ष सेक्टर के अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से बालू बना, इंदर सिंह, संदेश मीणा, सागर सिंह यादव, बीरम भील, शिशुपाल सिंह, मोनू मेर, नेपाल गुर्जर, जितेंद्र सिंह, लक्ष्मीनारायण धाकड़, रघुवीर मीणा, विपिन शर्मा, अर्जुन, अमर सिंह, सोहेल खान, शेरु खान श्यामदास प्रजापति, अशोक बघेल, मोहन सिंह गुर्जर, बृजभूषण बैरागी, राजेश जैन, राजेंद्र सिंह आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को बिजली से वंचित रखना सरकार को पड़ेगा भारी - रमेश पटेलिया

इधर सिरसी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बिजली की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष रमेश पटेलिया ने कहा कि बिजली मूलभूत समस्या है। लोगों को नियमित बिजली न देना भाजपा शासन की भूल है। जो चुनाव में उन्हें भारी पड़ेगी। लोगों को पूरे समय बिजली न देकर समय पर लंबे चौड़े बिल देना भी शिवराज सरकार को भारी पड़ेगा। सिरसी ब्लॉक के धरने में सभी मंडलम के अध्यक्ष, सेक्टर के अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मधुसूदनगढ़-जामनेर में हुए भी हुए प्रदर्शन

वहीं मधुसूदनगढ़ ब्लॉक कमेटी ने भी ब्लॉक अध्यक्ष लाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में नारायण सिंह शंकरपुर, नरेंद्र चौरसिया, विश्राम सिंह सरपंच, दशरथ राव विधायक प्रतिनिधि, शिवराज सिंह सरपंच यमुना खेड़ी, विक्रम केवट, नारायण अहिरवार आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा जामनेर में ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जैन के नेतृत्वम में आंदोलन हुआ।

# जयवर्धन सिंह के काफिले में भिड़ीं कारें

कोलारस विधायक की कार ने कांग्रेस नेता की कार में मारी टक्कर

**गुना देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कार्यक्रम कर लौट रहे राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के काफिले की एक कार में कोलारस विधायक की कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि इसमें विधायक जयवर्धन सिंह सवार नहीं थे। दुर्घटनाग्रस्त कार में विधायक के पीएसओ सहित अन्य कांग्रेस नेता सवार थे। जिसमें कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिस कार ने टक्कर मारी है वह कोलारस विधायक वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी की की बताई जाती है। इस मामले में आरोपी ड्रायवर चालक पर आरोन थाने में मामला दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामपाल यादव ने राघौगढ़ विधायक के पीएसओ प्रदीप अहिरवार के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह कांग्रेस नेता अंशू रघुवंशी की गाड़ी क्रमांक एमपी 07 सीएल 1611 का चालक है। गत रात में वह विधायक जयवर्धन सिंह के ग्रामीण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। प्रोग्राम समाप्त होने के बाद उक्त कार में अंशू रघुवंशी, जीतू रघुवंशी एवं पीएसओ प्रदीप को कार में बैठाकर ला रहा था। तभी रात करीबन 09.14 बजे ग्राम घटावदा के पास तिराहा पर पीछे आ रही कोलारस विधायक वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी की इनोवा कार एमपी 04 सीएक्स 1632 के चालक इंदल सिंह यादव कार को तेजी व लापरवाही पूर्क चलाकर पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार में ड्राइवर साईड पीछे काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने आरोपी ड्रायवर चालक पर धारा 279 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### दुकान पर सामान ले गई नाबालिग के साथ छेड़छाड़

**गुना देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम झितिया में किराने की दुकान पर शक्कर लेने गई नाबालिग के साथ एक अन्य ग्राहक ने बुरी नियत से हाथ पकडक़र छेड़छाड़ कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार झितिया निवासी 14 वर्षीय नाबालिग गत शाम अपने घर के पास दुकान पर शक्कर लेने गई थी। तभी यहां सुग्रीव कुशवाह भी सामान ले आ गया।

## संभाग प्रभारी ने ली भाजपा पार्षदों की बैठक



**गुना, देशबन्धु।** भाजपा संभाग प्रभारी एवं सांसद हरीश द्विवेदी, विधायक गोपीलाल जाटव, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता द्वारा सर्किट हाउस गुना में भारतीय जनता पार्टी के 25 पार्षदगण के साथ बैठक आयोजित की। संभाग प्रभारी श्री द्विवेदी द्वारा आगामी विधान सभा चुनावों की तैयारियों को लेकर पार्षदों से चर्चा की तथा विधान सभा चुनावों में नगरीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को अधिकतम मतों से विजयी बनाने का मंत्र दिया एवं पार्टी की कार्य योजना अनुसार कार्य करने का आव्हान किया।

बैठक के दौरान नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, पार्षद राधा भगवान सिंह कुशवाह, बबीता राजेश साहू, अनीता महेंद्र कुशवाह, ओमप्रकाश कुशवाह, फूलबाई कुशवाह, सुमन लालाराम लोधा, कल्याण सिंह लोधा, बृजेश राठौर, सुशीला जगदीश कुशवाह, गोपाल साहू, संध्या अशोक सोनी, दिनेश शर्मा चुक्की, कीर्ति प्रदीप सरवैया, कैलाश धाकड़, आजब बाई बहादुर सिंह लोधा, राजू ओझा, तरुण सुनील मालवीय, अलका दिनेश कोरी, ममता तोमर, नीता शिव नारायण कुशवाह, अतुल गौड़, सचिन धूरिया, राजकुमारी लक्ष्मण जाटव आदि उपस्थित हुए।

### रिंग रोड को लेकर गडकरी को लिखा पत्र

**गुना, देशबन्धु।** शहर में प्रस्तावित रिंग रोड की मांग को लेकर जागरूक ग्रुप ने सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र में ग्रुप के सदस्यों ने सडक़ मंत्री के कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए लिखा है कि आप मोदी सरकार के सबसे बेहतरीन मंत्रियो में से एक हैं। आपने मंत्री रहते हुए देश भर में सडक़ों का जाल बिछाने का काम किया है। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे की शुरुआत और एक्सप्रेस वे और अन्य सडक़ बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान दिया है। यही वजह है कि मीडिया में आपको अक्सर भारत का एक्सप्रेसवे मैन भी कहा जाता है। पत्र में ग्रुप ने मंत्री श्री गडकरी से शहर की सबसे अहम जरूरत रिंग रोड को बनवाने की मांग की है। दरअसल गुना की यह मांग 1 दशक पुरानी है। शहर में आबादी बढने् के साथ साथ रिंग रोड की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है।

### दहेज प्रताड़ना पर पति, सास और जेठानी पर मामला दर्ज

**गुना देशबनधु।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत ग्राम टोडी निवासी महिला ने अपने पति सहित सास एवं जेठानी पर दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गावरी निवासी पूजा अहिरवार की शादी 2019 में ग्राम टोडी निवासी प्रदुमन अहिरवार के साथ हुई थी। शादी के छह महीने बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए ताने देकर प्रताड़ित करने लगे। वहीं उसका पति प्रदुमन, जेठानी पिंकी तथा सास सुशीला बाई उसके साथ मारपीट करने लगे। उसे कई बार घर से भगा दिया। यहां तक की उसकी बेटी भी मायके में हुई। कुछ महीने पहले रिश्तेदारों द्वारा समझाने पर उसका पति उसे ससुराल ले आया। कुछ महीने ठीक रखने के बाद फिर से दहेज के लिए तीनों मारपीट करने लगे और उसे मायके छोड़ दिया।

# शक्कर कारखाने के लिए बाईक रैली 3 को, गांव-गांव हो रही बैठकें



**गुना, देशबन्धु।** शक्कर कारखाना चालू करो संघर्ष समिति द्वारा ग्राम सागर में किसान बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम दोबा, पिपल्या, सूजापुरा, बरखेड़ा, सागर, दीतलबड़ा, बेराखेड़ी गांव के किसान शामिल हुए। बैठक में अलग-अलग गांव से आए किसान प्रतिनिधियों ने शक्कर कारखाना चालू करने की मांग पर आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए कई सारे सुझाव दिए।

जिसमें 3 अक्टूबर को होने वाली बाइक रैली को सफल बनाने की योजना किया गया। 8 गाव से 400 मोटर साईकल को रैली में शामिल कराने का लक्ष्य लिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि शक्कर कारखाना जो पिछले काफी लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। उसका चालू होना आज किसानों की मूलभूत जरूरत बन चुका है। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जन सेवकों को इस कारखाने को चालू करने का प्रयास करना चाहिए। आज जब किसान परेशान हो रहे हैं सुखा के कारण उनकी फसले बर्बाद हो रही हैं ऐसी स्थिति में अगर गन्ने की फसल होती तो उन्हें इस समस्या का सामना करना नहीं पड़ता। आगामी 3 अक्टूबर को शक्कर कारखाना चालू करने की मांग को लेकर एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है, जो जंजाली से शुरू होकर कलेक्ट्रेट तक निकाली जाएगी। आगामी समय में और भी अलग-अलग गांव में जाकर इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा। हजारों किसानों की इस बाइक रैली में शामिल होने की संभावना है। शक्कर कारखाने को शुरू करने की मांग के अलावा किसानों को समय पर पर्याप्त खाद, बीज, बिजली उपलब्ध कराने व फसल का बाजिब दाम देने, जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर पर्याप्त बीमा व मुआवजा देने जैसी अनेक मांगों को किसान आंदोलन में शामिल किया गया।

सर्वसुविधायुक्त पॉली क्लीनिक बनेगा

# नागरिकों को ईलाज के लिए नही भटकना पड़ेगा: मेवाड़ा



**आष्टा देशबन्धु।** स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है जो अमीर, गरीब, ऊँच-नीच हर सम्प्रदाय के लिए आवश्यक है। स्वास्थ्य की स्थिति हर वर्ग को प्रभावित करता है। जिस देश का स्वास्थ्य सुविधा जितना बेहतर होगा, वो देश उतना ही समृद्ध होगा। तेजी से बढ़ती आबादी के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था भी उसी मात्रा में ज्यादा और बेहतर चाहिए। शहरो में तो बड़े-बड़े सुविधाजनक हॉस्पिटल तेजी से बढ़ रहे है, लेकिन ये अस्पताल और क्लीनक बहुत ही महंगे हैं, जिन्हें गरीब आम आदमी उसके खर्चे का वहन करने में असमर्थ होते हैं। इन्हीं सबके चलते प्रदेश के मुखिया द्वारा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक की योजना बनाई है।इस आशय के विचार वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा कॉलोनी स्थित बीआरसी भवन के समीप बनने वाले मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के तहत पॉली क्लीनिक भवन के भूमिपूजन अवसर पर व्यक्त किए। उक्त कार्य का भूमिपूजन विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, पार्षद तेजसिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

विधायक प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि इस वार्ड के नागरिक मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते है, आर्थिक रूप से कमजोर होने के चलते बेहतर स्वास्थ्य लाभ नही ले पाते है। इन जैसे नागरिकों की चिंता करते हुए ही मुख्यमंत्री ने इस योजना का शुभारंभ किया है। क्लीनिक के प्रारंभ होने के बाद अब यहां के रहवासियों को ईलाज के लिए अन्यत्र नही भटकना पड़ेगा।मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना एवं वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री संजीवनी ीनिक के तहत बनने वाले पॉली क्लीनिक का निर्माण लगभग 31 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होगा, जिसमें 4 सर्वसुविधायुक्त ओपीडी रहेगी। मरीजों को आने व बैठने के लिए उचित व्यवस्था रहेगी, वहीं पॉली क्लीनिक में उपचारार्थ आने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भी विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात रहेंगे।क्लीनिक में ये मिलेंगी रोगियों को सुविधाएं - पॉली क्लीनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेगा।

भूमिपूजन अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षद तेजसिंह राठौर, कल्लू मुकाती, तारा कटारिया, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, सुमित मेहता, विजय मेवाड़ा, आदर्श सुराना सहित बड़ी संख्या में रहवासीगण मौजूद थे।

### विधायक सुदेश राय के प्रयासों से गांवों में बिछेगा सडक़ों का जाल, तीन सडक़ों की मिली स्वीकृति



**सीहोर देशबन्धु।** सीहोर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सुदेश राय द्वारा शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण इलाका हर जगह सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है। हाल के वर्षों में सुदूर इलाकों में कई महत्वपूर्ण सडक़ों का निर्माण कराया गया वहीं कई नई सडक़ों का निर्माण पूरा हो गया है। आगामी दिनों में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए से विधायक श्री राय के अब ग्रामीण क्षेत्र में तीन सडक़ों के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। इसमें ग्राम दुपाडिया दांगी से बडवेली मार्ग, ग्राम गढ़ी बगराज से माता मंदिर तक सीसी रोड और बदरखा से कलारा मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक श्री राय का क्षेत्रिय विकास में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इन सडक़ों के निर्माण के बाद आवागमन और सुलभ हो जाएगा। क्षेत्र में जहां भी विकास की आवश्यकता है, वहां पर विधायक श्री राय के प्रयास से प्रदेश के जनप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा निर्माण कार्य किए जा रहा है। जिससे शहर सहित ग्रामीण इलाकों की सडक़े चकाचक हो गई है और सूरत बदलते ही चकाचक सडक़ पर वाहन फर्राटे भर रहे हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान शुरू



**आष्टा देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी आनंद सिंह रजावत के मार्गदर्शन मे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत द्वारा प्रारंभ किया गया। श्री राजपूत ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए प्रशासन के लोगो के जागरूक करने का काम किया है। इस क्रम में विधानसभा आष्टा में प्रशासन की ओर से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई है। इसका शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी आनंद सिंह रजावत के मार्गदर्शन मे किया है। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ,श्रवणकुमार झा,मनीष सारसिया ,मदन परमार,लखन ठाकुर ,दीपक परमार,राजपाल गुज्जर,देवजी मेवाड़ा,जितेंद्र मालवीय सहित उपस्थित द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अजबसिंह राजपूत ने लोगो से अपील की है कि जागरूकता का परिचय देते हुए हस्ताक्षर करे। आगामी विधानसभा मे अधिक से अधिक अपना मत का उपयोग करे।

## शिक्षक दिवस कार्यक्रम सम्पन्न



**आष्टा देशबन्धु।** गुरु शिष्य परम्परा का निर्वहन करते हुए शासकीय माडल उमावि के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित कर अपने गुरुजनों को स्मृति चिन्ह और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया । प्राचार्य सी एल पेठारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में बताया कि वही शिष्य आगे बढ़ सकता है जो गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल बनाता है वही उच्च पद प्राप्त करता है फिर वह शासकीय सेवा हो,समाज सेवा हो या राष्ट्र की सेवा। वह गुरु ही है जो विद्यार्थियों की उपलब्धि को अपनी उपलब्धियां मानकर बहुत खुश होता है और नि:स्वार्थ भाव से ज्ञान प्रदान करता है परन्तु वर्तमान में इसकी परिभाषा बदल गई है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरुजनों के सम्मान में गुरु वंदना गीत भी प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का संचालन छात्रा मयूरी एवं साथी ने किया तथा छात्र चेतन द्वारा सभी उपस्थित शिक्षको शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया।

लाड़ली बहनों के खातों में आई सितंबर माह की किश्त

# नपा के सभाकक्ष में हुआ सीधा प्रसारण कार्यक्रम



**आष्टा देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत ग्वालियर में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वर्चुअल रूप से प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख लाड़ली बहनों को संबोधित कर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित लाड़ली बहनों को समझाया, वहीं सिंगल क्लिक के माध्यम से सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में योजना की सितंबर माह की किश्त राशि 1 हजार रूपये अंतरित किए गए।ग्वालियर में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना के तहत राशि अंतरण कार्यक्रम को नगरपालिका के सभाकक्ष में विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षदगण डॉ. सलीम, कमलेश जैन, तारा कटारिया, अतीक कुरैशी की उपस्थिति में शासन द्वारा निर्धारित लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से नगर की लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के संबोधन को श्रवण कराया गया। मुख्यमंत्री द्वारा सितंबर माह की किश्त लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लीक के माध्यम से अंतरण की गई।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि लाड़ली बहना योजना मातृशक्तियों के आत्मनिर्भरता के लिए सरकार का महत्वपूर्ण कदम है, इससे महिलाओं का समाज, घर, परिवार में सम्मान तो बढ़ेगा ही वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेगी। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहनों से किए गए वादों को पूर्ण कर योजनाबद्ध तरीके से 1 हजार के स्थान पर 3 हजार रूपये तक इस राशि को पहुंचाएंगे। निश्चित ही लाड़ली बहना योजना से नगर सहित प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को आत्मबल मिला है इस योजना से लाड़ली बहनों के जीवन में एक अलग ही परिवर्तन आया है। इस अवसर पर सिटी मिशन मैनेजर महेन्द्र पोसवाल, सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार, आशीष बैरागी सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहनाएं मौजूद थी।

## उत्कृष्ट सेवा को मिला सम्मान



**सीहोर देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग में रचनात्मक योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रान्तीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा सम्मानित किया गया । जिला स्तरीय सम्मान समारोह के लिए शिक्षा विभाग के शिक्षक, नवीन शिक्षक संवर्ग, सहायक शिक्षक, लिपिक, भृत्य से कुल 205 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह आवासीय विद्यालय के सभागार में अतिथि गण विधायक सुदेश राय ,नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर , जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर जिला परियोजना समन्वयक आर.आर. उइके, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आष्टा अजब सिंह राजपूत, बीआरसी सीहोर अशोक वर्मा, बीआरसी इछावर सुभाष दुबे की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान की प्रसंशा आज जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी कर रहे हैं, क्योंकि इस सम्मान समारोह में प्रांतीय शिक्षक संघ ने शिक्षकों के साथ-सथ विभाग के अन्य कर्मचारी जैसे लिपिक, गणक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, बीएसई, जनशिक्षक सहित पूर्व में विभाग में सेवा दे चुके रिटायर्ड उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी एवं जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना ने किया।

# राजधानी

## सार समाचार

### प्रतिभा प्रोत्साहन राशि के आवेदन आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रतिभा योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को लाभान्वित करने हेतु 15 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि प्रतिभा योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति के ऐसे विद्यार्थियों को दिया जाएगा जिन्होंने योजना में उल्लेखित पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है। ऐसे विद्यार्थी प्रतिभा प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त किए जाने के लिए एमपी टास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 15 सितम्बर है।

### सामान्य भविष्य निधि अदालत 12 से

**भोपाल, देशबन्धु।** शासकीय कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये महालेखाकार लेखा एवं हकदारी द्वितीय द्वारा 12 से 14 सितम्बर तक सामान्य भविष्य निधि अदालत भोपाल में किया जा रहा है। इस अदालत में शासकीय कर्मियों के लेखा खातों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### कॉलेज में आनलाइन प्रवेश शुल्क 15 तक जमा होगा

**भोपाल, देशबन्धु।** निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश का छठवां कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण सोमवार को प्रारंभ हुआ आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकेगा। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में विशेष समूह के अपग्रेडेशन12 सितंबर तक कर सकते हैं। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थान गुणानुक्रम के आधार पर शेष आवेदकों को आवंटन पत्र 13 सितंबर को जारी किया जाएगा। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थानों पर आवंटित आवेदकों को महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 13 से 15 सितंबर को करना होगा।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय डाक विभाग ने फिलैटली छात्रवृत्ति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत कक्षा 6टीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। जिसमें कक्षा 6वीं से कक्षा 9वीं तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति की राशि 6 हजार रूपये एक वर्ष के लिए होगी। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट अथवा संबंधित प्रवर अधीक्षक डाकघर, अधीक्षक डाकघर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### चयनित पटवारियों ने सोशल मीडिया पर किया विरोध प्रदर्शन

# हाथ में कटोरा और किताब लेकर मांगी नियुक्ति



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के चयनित पटवारी उम्मीदवारों ने अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान चयनित पटवारियों ने हाथ में कटोरा और किताब लेकर अपना विरोध दर्ज किया।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा हल्ला बोल के प्रदेश अध्यक्ष अरुणोदय सिंह परमार ने कहा, चयनित पटवारी अभ्यर्थियों ने सरकार का पूर्ण सहयोग करते हुए 31 अगस्त तक पटवारी परीक्षा में कथित घोटाले की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया, जब रिपोर्ट नहीं आई तो फिर अपनी नियुक्ति के लिए सड़क पर उतर कर संघर्ष करने के अलावा अभ्यर्थियों के पास कोई चारा नहीं बचा। लेकिन 3 सितंबर को जो चयनित पटवारी अपनी नियुक्ति के लिए सड़क पर उतरे तो उन पर प्रकरण दर्ज कर ली गई। पुलिस ने एक चयनित पटवारी को लात मार के देश के 70 फीसदी युवा आबादी का अपमान किया है। श्री परमार ने कहा कि चयनित पटवारी अभ्यर्थियों की मांग है कि उप्र उपनिरीक्षक और मप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 के उदाहरण अनुसार जांच के साथ समानांतर रूप से नियुक्ति प्रक्रिया चलाई जाए। यदि कोई दोषी पाया जाए तो उन्हें चिह्नित करके उन पर कार्यवाही की जाए और उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए। सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों से शपथ पत्र लिया जाए, जिसमें दोषी पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही भुगतने की सहमति का प्रावधान हो। उन्होंने कहा कि ग्रुप 2 सब ग्रुप 4 और पटवारी भर्ती परीक्षा की नियम पुस्तिका के बिंदु 13(3) के अनुसार परिणाम के प्रकाशन से लेकर 90 दिनों की अवधि में नियुक्ति देने के प्रावधान पर विचार करते हुए सितंबर माह में नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

# 9वीं से 12वीं की तिमाही परीक्षा कल से

### विद्यार्थियों को आधा घंटे पहले पहुंचना होगा

### शिक्षक छायाप्रति कराकर बाटेंगे प्रश्नपत्र

**भोपाल, देशबन्धु।** सरकारी स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा की तिमाही परीक्षाएं 12 सितंबर से आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं 21 सितंबर तक चलेंगी। इसके लिए प्राचार्यों के लाग इन में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) द्वारा सोमवार को प्रश्नपत्र भेजा जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार 9वीं एवं 10वीं का पहला प्रश्नपत्र अंग्रेजी का होगा। वहीं 11वीं व 12वीं के विद्यार्थी पहला प्रश्नपत्र मनोविज्ञान का देंगे। परीक्षा का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। हालांकि कुछ कक्षाओं के पेपर दोपहर 2 से 5 बजे के बीच भी होंगे। परीक्षा के लिए विद्यार्थी को आधा घंटे पहले पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका और पांच मिनट पहले प्रश्नपत्र दिया जाएगा। डीपीआइ ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रश्नपत्र की छायाप्रति या प्रिंटिंग कराने के लिए एक शिक्षक को जिम्मेदारी दी जाए। जिन स्कूलों में फोटोकापी मशीन नहीं होंगी, वहां शिक्षक दुकान पर जाकर प्रश्नपत्र की छायाप्रति कराकर विद्यार्थियों को वितरित करेंगे। इस दौरान शिक्षक को यह भी ध्यान रखना होगा कि छायाप्रति करने वाला प्रश्नपत्र को सेव ना कर लें। साथ ही एक भी प्रश्नपत्र वहां नहीं छूटे। वहीं प्राचार्य प्रायोगिक परीक्षाएं 12 से 21 सितंबर के बीच प्राचार्य अपनी सुविधानुसार करा सकेंगे।

### बदली हुई पद्धति पर होगी परीक्षा

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल का परिणाम सुधारने के लिए तिमाही और छमाही परीक्षाओं को बदली हुई बोर्ड पद्धति पर आयोजित किया जा रहा है। ये परीक्षा वार्षिक परीक्षा की तरह होंगी। इसके पांच अंक वार्षिक परीक्षा में भी जोड़े जाएंगे। इन परीक्षाओं में करीब 35 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

# शिक्षक ने फटकारा तो पिता को खुदकुशी का संदेश भेजकर लापता हुआ छात्र

### पुलिस ने खोजकर परिजन के सुपुर्द किया

**भोपाल, देशबन्धु।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के निजी स्कूल में पढ़ने वाले 9वीं के छात्र ने सहपाठी के साथ धक्का-मुक्की कर दी। शिकायत मिलने पर शिक्षक ने छात्र को फटकारते हुए टीसी थमाने की धमकी दे डाली। इसके बाद तनाव में आए छात्र ने स्कूल की छुट्टी होने के बाद पिता को खुदकुशी करने जाने का संदेश भेजा और लापता हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जानकारी निकालते हुए छात्र को नादरा बस स्टैंड से सकुशल खोज निकाला। समझाइश देने के बाद पुलिस ने उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि ग्राम दुपाड़िया निवासी सत्यनारायण शर्मा स्वयं का व्यवसाय करते हैं। उनका 15 वर्ष का बेटा जगदीशपुर में एक निजी स्कूल में 9वीं में पढ़ता है। शुक्रवार दोपहर को स्कूल के मध्याह्न अवकाश के समय उसने अपने सहपाठी को धक्का दे दिया। इससे उसके कपड़ों में कीचड़ लग गया। सहपाठी ने घटना की शिकायत अपने शिक्षक से कर दी। शिक्षक ने छात्र को शनिवार को पिता को साथ लेकर आने और टीसी ले जाने की बात कहकर फटकार लगा दी। इससे छात्र तनाव में आ गया और स्कूल की छुट्टी होते ही छात्र ने अपने मोबाइल से पिता को खुदकुशी करने जाने का संदेश भेजा और गायब हो गया। यह संदेश मिलते ही बदहवास परिजन स्कूल पहुंचे तो अनहोनी की आशंका से स्कूल प्रबंधन भी सकते में आ गया। किसी का फोन भी रिसीव नहीं कर रहा था। वे लोग थाने पहुंचे और घटना के बारे में बताया। पुलिस ने तत्काल छात्र की तलाश शुरू कर दी। साइबर सेल की मदद से छात्र की लोकेशन का पता लगाकर उसे नादरा बस स्टैंड के पास से खोज निकाला। काउंसलिंग करने के बाद छात्र को परिजन को सौंप दिया गया। समझाइश के बाद छात्र ने भी भविष्य में इस तरह की गलती नहीं करने की बात कही है।

### आबकारी विभाग देर रात तक खुले रेस्टोरेंट, बार-होटलों पर की कार्रवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** आबकारी विभाग ने देर रात रेस्टोरेंट, बार और होटलों में बिना लाइसेंस के शराब परोसने की सूचना मिलने पर दबिश दी। इस दौरान कई जगह देर रात तक बगैर लाइसेंसपरोसी जाती मिली। इस मामले में अवैध शराब के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम् रायचुरा के निर्देशन में आबकारी नियंत्रक राजेंद्र जैन और टीम ने कार्रवाई की। अलग-अलग टीमों ने बैरागढ़, खजूरी सड़क, केरवा डेम रोड, होशंगाबाद रोड, गुलमोहर कॉलोनी में संचालित विभिन्न होटलों एवं ढाबों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान विंटर रोज गार्डन, यू एंड मी रेस्टोरेंट, वाटर विले रेस्टोरेंट, जहाज रेस्टोरेंट, ट्री चैप्टर रेस्टोरेंट, व्हाइट ऑर्चिड़ रेस्टोरेंट, खासियत रेस्टोरेंट, कोजी किचन रेस्टोरेंट पर बिना लाइसेंस के अवैध रूप से ग्राहकों को मदिरापान कराते हुए पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मप्र आबकारी अधिनियम अंतर्गत 62 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई में कई अधिकारी शामिल थे। सहायक आबकारी आयुक्त रायचुरा ने बताया, आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध रूप से शराब बेचने, परोसने पर कार्रवाई जारी रहेगी।

**परोसी जा रही थी अवैध शराब**

# विज्ञान में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए होगी प्रतियोगिता

**पंजीयन 15 तक**

**भोपाल, देशबन्धु।** सरकारी व निजी स्कूलों के विज्ञान में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता तीन स्तर पर आयोजित की जाएगी। इसमें विजेता बने विद्यार्थियों को एक वर्ष के लिए दो हजार रुपये की छात्रवृत्ति और तीन सप्ताह तक विज्ञान की राष्ट्रीय संस्थाओं का भ्रमण कराया जाएगा। दरअसल, एनसीईआरटी व भारतीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की ओर से प्रदेश भर के स्कूलों में विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। इसमें छठवीं से 11वीं तक के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों को शामिल किया जाए। वहीं स्कूलों में प्राचार्यों को तैयारी करने के लिए कहा गया है। इसमें स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय तीन स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। विद्यालय स्तर पर प्रथम चरण 29 व 30 अक्टूबर, राज्य स्तर पर दूसरा चरण दिसंबर में आयोजित होगा। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय चरण में 18 से 19 मई 2024 को आयोजित होगा।

# आज से 18 दिन तक नहीं चलेगी भोपाल एक्सप्रेस

### श्रीधाम एक्सप्रेस समेत कुछ अन्य ट्रेनों को भी किया निरस्त

**भोपाल, देशबन्धु।** रानी कमलापति से हजरत निजामुदृदीन रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली शान—ए—भोपाल एक्सप्रेस सोमवार 11 सितंबर से 28 सितंबर तक 18 दिन दोनों दिशाओं में नहीं चलेगी। इसके कारण रोज भोपाल से दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले करीब ढाई हजार यात्री परेशान होंगे। दोनों दिशा से चलने वाली उक्त ट्रेन में इतने यात्री रोजाना सफर करते हैं। जिन्हें अब दूसरा विकल्प खोजना होगा।

भोपाल ने बताया कि रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी सूबेदार सिंह वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के प्लेटफार्म चार पर रख—रखाव कार्य किए जा रहे हैं, जिसकी सूचना झांसी मंडल ने भोपाल को दी थी और भोपाल एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों को उक्त अवधि में नहीं लेने की बात कही थी, जिसके बाद भोपाल एक्सप्रेस समेत कुछ अन्य ट्रेनों को भी निरस्त निरस्त किया है। इनमें रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन भोपाल एक्सप्रेस 11 से 28 सितंबर व हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति भोपाल एक्सप्रेस 12 सितंबर से 29 सितंबर तक नहीं चलेगी। इसी तरह जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 11 से 28 सितंबर तक और हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस 12 से 29 सितंबर तक नहीं चलेगी। वहीं सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन साप्ताहिक एक्सप्रेस 17, 24 सितंबर को, हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली साप्ताहिक एक्सप्रेस 18 व 25 सितंबर को निरस्त रहेगी। उक्त अवधि में जिन यात्रियों ने उक्त ट्रेनों में टिकट बुक कराए थे, उन्हें संदेश भेजकर सूचित कर रहे हैं। राशि भी लौटा रहे हैं। ट्रेनों के निरस्त होने, बदले हुए मार्ग से चलने और उनमें खाली सीटों की संख्या से जुड़ी जानकारी के लिए यात्री रेल सुविधा नंबर 139 पर फोन कर सकते हैं।

### ट्रेन निरस्तीकरण से यात्री मायूस

यात्रियों का कहना है कि शान—ए—भोपाल एक्सप्रेस जैसी ट्रेन को 18 दिन तक नहीं निरस्त कर देना उचित नहीं है। चूंकि यह ट्रेन भोपाल से दिल्ली के बीच यात्रा के लिए एक्सप्रेस श्रेणी की ट्रेनों में सबसे अनुकूल है, जो दोनों ही दिशाओं से रात को चलती है और सुबह—सुबह हजरत निजामुदृदीन व रानी कमलापति स्टेशन छोड़ देती है। वहीं मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य निरंजन वाधवानी का कहना है कि झांसी स्टेशन से उक्त अवधि में जब दूसरी ट्रेनें गुजर रही हैं तो भोपाल एक्सप्रेस को चलाने में असुविधा नहीं होनी चाहिए थी। भोपाल रेल मंडल से अधिकारियों ने अपनी ट्रेन और यहां के यात्रियों की मुश्किलों को ठोस रूप से नहीं रखा होगा, जिसके कारण इतनी महत्वपूर्ण ट्रेन को भी निरस्त कर दिया गया। इस पर पुनः विचार किया जाना चाहिए।

### पंचवेली, हमसफर एक्सप्रेस समेत छह जोड़ी ट्रेनें 1 से 6 दिन रहेंगी निरस्त

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत जुझारपुर में बनाए जा रहे फ्लायओवर के काम के चलते रेल प्रशासन ने इंदौर-पुरी हमसफर, पंचवेली एक्सप्रेस सहित छह जोड़ी ट्रेनों को निरस्त करने की घोषणा की है। ये ट्रेनें 1 से 6 दिन तक अलग-अलग तारीखों में निरस्त रहेंगी। भोपाल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी सूबेदार सिंह ने बताया कि भोपाल-इटारसी रेल सेक्शन पर पवारखेड़ा-जुझारपुर फ्लायओवर के लिए जुझारपुर स्टेशन पर ट्रैक मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। इस वजह से इस मार्ग पर चलने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इनमें इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस 28, 29 एवं 30 सितंबर को तथा गाड़ी संख्या 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस 29, 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को निरस्त रहेगी।इसी तरह नागपुर-जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 28 को तथा जयपुर-नागपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 29 को निरस्त रहेगी। नागपुर-अमृतसर साप्ताहिक एसी. एक्सप्रेस 30 सितंबर को तथा अमृतसर-नागपुर साप्ताहिक एसी. एक्सप्रेस 2 अक्टूबर को निरस्त रहेगी । इंदौर-पुरी साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस दिनांक 26 सितंबर को तथा गाड़ी संख्या पुरी-इंदौर साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 28 सितंबर को निरस्त रहेगी ।इसके अलावा आमला जंक्शन-इटारसी-आमला जंक्शन मेमू विशेष ट्रेन 25 से 30 सितंबर तक दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी। जबकि जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस 28, 29, 30 सितंबर को तथा गाड़ी संख्या अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस 29, 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को निरस्त रहेगी।

# रोटरी क्लब ने किया इसरो वैज्ञानिकों का सम्मान




**भोपाल, देशबन्धु।** भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों द्वारा 23 अगस्त को विश्व को चमत्कृत कर देने वाली उपलब्धि हासिल करने पर रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा इसरो भोपाल के ग्रुप डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार, वैज्ञानिक गण जावेद कुरैशी , प्रभा तोमर, स्वप्निल त्रिवेदी का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर इसरो भोपाल के ग्रुप निदेशक शैलेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे भी इसी प्रकार उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम है और जल्दी ही हम सूर्य के अध्ययन हेतु अपना उपग्रह भेजने वाले हैं। हमारे वैज्ञानिक विश्व में किसी से कम नही हैं। रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल के अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा कि विगत कई वर्षों से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने का प्रयास विभिन्न देशों द्वारा किया गया, परंतु किसी भी देश को इसमें सफलता प्राप्त नहीं हुई । भारत के वैज्ञानिकों ने अपने अथक प्रयास, सूझबूझ, धैर्य और अतीत से सबक लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की और विश्व में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने वाला पहला देश बन गयाद्य वैज्ञानिकों की उपलब्धि को नमन करते सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी रोटरी द्वारा प्रदान किया जाने वाला नेशन बिल्डर अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सचिव प्रखर तिवारी, असिस्टेंट गवर्नर श्रीमती कुमुद तिवारी, केजी बंसल, र रो श्रीकांत पाठक, मनोज झा, विश्वास घुसे, ऋतुराज परमार, डॉक्टर ताजबर खान सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अल्पना मिश्रा एवं के छिब्बर द्वारा और अंत में रोटेरियन श्रीकांत पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सुखसागर उदासीन आश्रम का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सुख सागर उदासीन आश्रम का सात दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्सव व बाबा गोविंददास उदासीन वर्सी उत्सव आश्रम के गदीशीन महंत रामदास उदासीन के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

वार्षिक उत्सव का शुभारंभ सिंधी समाज के पर्व टीजरी पर शुरु हुआ, जिसका समापन बाबा गोविन्ददास उदासीन के बरसी उत्सव के साथ सम्पन्न हुआ। सात दिवसीय वार्षिक उत्सव में महंत बाबा रामदास उदासीन ने प्रात काल व साय काल भजन कीर्तन, गुरबाणी व प्रवचन में भगवान कृष्ण, भगवत गीता एवं गुरुग्रन्थ साहिब पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महंत बाबा रामदास उदासीन के साथ ही गुरुमाता राधा देवी उदासीन, संतोष उदासीन, नानक उदासीन, सागर उदासी आदि शामिल थे। इस अवसर पर बाबा गोविन्ददास सेवा समिति के तुलसी सदारंगानी, लालचंद जसवानी, माधू चांदवानी, श्याम गोपलानी, गोरधनदास सदारंगानी, लीलाराम लेखवानी, रामचंद सबनानी, मोहनलाल रामचंदानी, उधमदास पारवानी, ताराचंद जेठवानी, कन्हैयालाल पारदासानी, जानकीलाल सबनानी, अमित सदारंगानी सहित सैकडो धर्मप्रेमी उपस्थित थे। समापन पर भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### तथ्य आधारित सामाजिक और आर्थिक विकास पर सम्मेलन 11 से

**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रभावी नीतियों को आकार देने वाले महत्वपूर्ण घटकों और डेटा संग्रह की स्थिति पर चर्चा करने के लिए च्तथ्य आधारित सामाजिक और आर्थिक विकासज्ज पर तीन दिवसीय सम्मेलन कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 11 से 13 सितंबर तक होगा। इस सम्मेलन का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन की थीम नीतियों को परिणाम में बदलना' रखी गई है। इसका उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रभावी नीतियों को आकार देने में मजबूत तथ्य और विश्वसनीय डेटा की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डालना है। राज्य स्तर पर डेटा संग्रह और सांख्यिकीय क्षमताओं को मजबूत करना, सार्वजनिक डेटा तक पहुंच में सुधार करना और बच्चों की जरूरतों और लैंगिक समानता के प्रति उत्तरदायी सार्वजनिक वित्त प्रबंधन को बढ़ावा देना, जैसे विषय चर्चा में शामिल रहेंगे।

# जनजातीय विद्यार्थियों ने दिया अपनी आदिम कला का परिचय



**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के दो दिवसीय राज्यस्तरीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव रविवार को आयोजित किया गया।

बावड़िया कला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (गुरुकुलम) में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 63 ईएमआरएस के लगभग 250 विद्यार्थियों ने अपनी आदिम प्रतिभा का परिचय दिया। जनजातीय विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, समूह गान, वादन, एकल गायन, नाटक, एकल नृत्य, चित्रकारी, शास्त्रीय व उपशास्त्रीय गायन, जनजातीय लोककथा वाचन, तात्कालिक भाषण, स्पेल-बी, वाद-विवाद, वाचन, सृजनात्मक लेखन, प्रश्नोत्तरी आदि विधाओं में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। राज्यस्तर पर चयनित होने वाले विद्यार्थी 3 अक्टूबर को देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक गुरु पंडित उमाकांत गुंदेचा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने जनजातीय विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपनी मेहनत और कला से मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करना है। चूंकि विद्यार्थी जीवन का यह अवसर आपको अपनी कला को निखारने का अनमोल अवसर देता है। लिहाजा आपको सीखने, समझने और संवरने के अवसरों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर संगीत निर्माता व निर्देशक उमेश तरकशवार और डॉ. वीनस बतौर निर्णायक व अन्य मार्गदर्शक उपस्थित रहे। उन्होंने जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के गुर सिखाए। जनजातीय कार्य विभाग के संभागीय उपायुक्त नरोत्तम सिंह बरकड़े एवं सहायक आयुक्त सुधीर श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्रदेश के बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रदेश स्तर पर 10 दिवसीय मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 11 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## जी-20 में कही बातें देश में तो लागू हों

जी-20 के बहुत ही भव्य दो दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ जिसके दौरान अनेक अच्छी-अच्छी बातें कही गयीं। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी चिंताओं से लेकर ग्लोबल साऊथ पर काम करने के निश्चयों के साथ भागीदार हुए देशों के राष्ट्राध्यक्ष लौट तो गये हैं परन्तु कुछ सवाल भी लेकर गये हैं। इनमें सम्भवत: सबसे प्रमुख यही होगा कि विश्व का नेतृत्व करने का आकांक्षी भारत क्या इन अच्छी-अच्छी बातों का स्वयं अपने देश में अमल कर रहा है। बेशक, सारे मुद्दों का संबंध देश की आंतरिक नीति व प्रणाली से नहीं है लेकिन एक अच्छे समाज के जो अनिवार्य गुण हैं क्या उन्हें पाने का प्रयास यह महादेश कर रहा है? दिल पर हाथ रखकर अगर जवाब टटोला जाये तो शायद वहां बहुत बड़ा 'ना' ही मिलेगा। खासकर, भारत को कई तरीकों से और अनेक अवसरों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाना कितना विश्वसनीय रह गया है, यह भी इस मौके पर देखा जाना चाहिये।

'वसुधैव कुटुम्बकम्' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफी जोर रहता है पर उसका अमलीकरण पहले देश के भीतर तो हो। भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में जहां एक ओर वर्णवाद बढ़ा है वहीं साम्प्रदायिकता में भी बेतहाशा इज़ाफ़ा हुआ है। अगड़े-पिछड़ों का झगड़ा जो मोदी राज में देखा गया है वह कम से कम आजाद भारत में तो कभी भी नहीं देखा गया था। बेशक, भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था के कारण बड़ा विभाजन पहले से है जहां कथित ऊंची-निचली जातियों के बीच टकराव होते रहे हैं लेकिन सरकारों ने कभी उसे बढ़ावा नहीं दिया व उन्हें खत्म करती आई हैं। विश्व देख रहा है कि भारत की सरकार में सत्तारुढ़ पार्टी इन्हें बढ़ावा देती है तथा संरक्षित भी करती है।

जो संकीर्णता इस दौरान भारत देख रहा है वह अभूतपूर्व है। दुनिया का ऐसे भारत से परिचय नहीं था। बहुत शोर-शराबा किये बगैर भारत की इसलिये वैश्विक स्वीकार्यता थी क्योंकि उसका केन्द्रीय भाव मानवीय संवेदना थी। मौजूदा भारत संकीर्ण, है क्रूर भी- ऐसा समाज जो बहुत थोड़े से लोगों का है। सदियों से रहते आये अल्पसंख्यक, जिन्होंने एक दूजे का सुख-दुख में साथ निभाया, स्वतंत्रता की लड़ाई मिलकर लड़ी, आजादी पाने की प्रक्रिया से उपजे दर्द को एक सा झेला और संघर्ष करते हुए जो हासिल किया उसका वितरण बगैर भेदभाव के आपस में किया। अचानक एक वर्ग बाहरी हो गया जिन्हें यहां से चले जाना चाहिये। वे पिछले 9 वर्षों से देश की तमाम समस्याओं के मूल कारण बने हुए हैं और आये दिन उनसे देशभक्ति के प्रमाणपत्र मांगे जाते हैं। कष्टों में पड़ी मानवीयता को बरसों से सहानुभूति और सहायता देने वाला भारत केवल मोदी एवं उनकी पार्टी के वोटरों का होकर रह गया है। अपने भीतर के समाज को ही उदार न बना सकने वाला देश आखिर सारी दुनिया को कैसे अपने आगोश में ले सकता है? भारत में बढ़ती जातीयता व धार्मिक विद्वेष की हकीकत दुनिया को ज्ञात हो चुकी है। मणिपुर, नूंह, जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुए खूंरेज़ हादसे तो हाल के हैं, पिछला लगभग एक दशक भारत की ऐसी कई कहानियों का काल रहा है जो दुनिया भर में गई हैं। हास्यास्पद यह है कि इस मौके पर लिखे अपने लेख में वसुधैव कुटुम्बकम की बात करने वाले प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों को सनातनी वाला मुद्दा गरमाये रखने की अपील करते हैं।

पिछले कुछ समय से देश को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' साबित करने पर आमादा पीएम शायद इस बात को नहीं जानते कि दुनिया का सबसे बड़े बड़ा लोकतंत्र धीरे-धीरे दम तोड़ रहा है। समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज क्षरित हो गया है। बन्धुत्व और धर्मनिरपेक्षता लापता हो गई है। आर्थिक, सामाजिक तथा राजनैतिक तीनों ही स्तरों पर गैर बराबरी चरम पर है; और इसके लिये जिम्मेदार सरकार ही है। इसके पीछे वह विचारधारा है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रवर्तित एवं संपोषित है। सुनियोजित तरीके से अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाया गया है। समाज बदहाल है और विभाजित भी। राजनैतिक वर्चस्व के लिये वे सारे हथकण्डे अपनाये जाते हैं जो वास्तविक मायनों में जनतंत्र में भरोसा रखने वाली कोई सरकार नहीं अपना सकती।

अगर इन उदात्त बातों को देश में क्रियान्वित करने की कोशिशें मोदी सरकार नहीं करती तो यही माना जायेगा कि जनता के टैक्स के पैसों से आयोजित इस विलासितापूर्ण आयोजन का मकसद केवल सियासी है। जिस वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत का बारंबार उल्लेख होता आया है, यदि उसके अमल की अपने देश में ही मंशा नहीं है तो यही माना जायेगा कि यह बेहद खर्चीली कवायद सिर्फ इसलिये की गई है कि इससे ब्रांड मोदी को और दमकाया जाये ताकि उसका उपयोग केन्द्र सरकार की आगामी चुनावों में कर सके।

ऐसा नहीं कि भारत में पहले कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन न हुआ हो। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान हुए गुट निरपेक्ष देशों के सम्मेलन में भारत का कूटनयिक दबदबा बुलंदियों पर था। आपस में टकराते दो देश भी उसके एक जैसे कायल थे। अपनी आंतरिक कमजोरियों के बावजूद भारत की ताकत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बड़े रूप में पहचानी जाती थी। मौजूदा वैदेशिक नीति केवल बड़े देशों से हथियारों व कबाड़ बनती टेक्नालॉजी की खरीदी, मेहमानों को झप्पी से गले लगना, उन्हें सोने-चांदी के बर्तनों में खाना खिलाने तक रह गई है। भारत की बातों को दुनिया नतमस्तक होकर सुने, इसके लिये ज़रूरी है कि वह बड़े देशों का पिछलग्गू न बने। इन महाशक्तियों के समकक्ष उसे बैठना है तो वह गुट निरपेक्ष आंदोलन को फिर से खड़ा करे। पहले अपने नागरिकों को सशक्त बनाये। गोदी मीडिया की अतिरंजित हेडलाइनों और चकाचौंध आयोजन को ही सफलता का पैमाना मानना शायद खुद को कमजोर करना है।

# शाहरूख की हिम्मत का कमाल है : जवान

आज के इस दौर में जहां सच लिखना, बोलना, दिखाना तो दूर की बात है झूठ न बोलना भी एक अपराध हो गया हो वहां जवान जैसी फिल्म बनाना वाकई एक बड़ी हिम्मत की बात है।

क्या नहीं कहा है फिल्म में! सब तो कह दिया। सबसे बड़ी बात जिस पर यह सरकार चल रही है वह भी कि धर्म के नाम अब वोट मत देना। और दूसरी ऐसी ही बड़ी बात कि नेक्स्ट स्टेज कारपोरेट को खुद सरकार बनाना होगा। नेता इसके लिए तैयार हो गए हैं।

इसके बाद अब और क्या बचता है?

हमें लगता है जी-20 की वजह से फिल्म पर कार्रवाई नहीं की गई। अब इस पर बैन भी लगीया जा सकता है। जी-20 में जो अन्तरराष्ट्रीय नेता आए थे उनमें से अधिकांश क्रिश्चियन और मुसलमान थे। अगर उनके सामने फिल्म को मुद्दा बनाया जाता तो उनकी उत्सुकता जाग सकती थी कि ऐसा फिल्म में क्या दिखाया गया है। वे फिल्म देख सकते थे। और अगर ऐसा हो जाता तो उन्हें भारत की जो सच्ची तस्वीर मिलती वह उससे बहुत उलट होती जो उन्हें बताने की कोशिश की जा रही थी।

फिल्म में जो शाहरूख खान धर्म का नाम लेता है तो फिर उनका ध्यान इस पर जाता कि मणिपुर में जो हो रहा है और जिसे होने दिया जा रहा है वह धर्म के नाम पर ही हो रहा है। वहां चर्चों को जलाया जा रहा है। और ईसाइयों को मारा जा रहा है। बाकी देश में भी मुसलमानों के खिलाफ इतनी नफरत फैला दी गई है कि सिर्फ नाम सुनते ही लोग रिएक्शन करने लगते हैं। हर चीज में इस्लाम को निशाना बनाया जाता है और नफरत फैलाने वाले लोग उसी के आधार पर ध्रुवीकरण करते हैं।

कल तो जो सामान्य लोग हिन्दू-मुसलमान की बात भी नहीं करते थे वे भी आज हर बात में यही मुद्दा ले आते हैं। पहले पुल होते थे। सिर्फ हिन्दू-मुसलमान ही नहीं सभी समुदायों के बीच की दूरियां पाटने को। मेल-मिलाप की बातें होती थीं। एक दूसरे पर सवाल नहीं किए जाते थे। इंसान एक है कहकर सबको साथ लिया जाता था।

अभी जी-20 के सारे नेता बापू की समाधि पर पहुंचे। मोदी सरकार के लिए बहुत तकलीफदेह बात होती होगी। जिन गांधी के खिलाफ इतना प्रचार कर रहे हैं वह खतम होने के बदले और लोकप्रिय होते चले जा रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने यूरोप दौरे पर गलत नहीं कहा कि लड़ाई गांधी और गोडसे की है।

वैसे तो देश में हमेशा से गांधी की हत्या के बाद से गोडसे को बचाने की कोशिश होती रही। हत्या के बदले संघ परिवार के लोग इसे वध कहते रहे। वध का मतलब होता है हत्या का जस्टिफिकेशन। उसे उचित ठहराना। पिछले साढ़े 9 सालों में इस काम को और तेज कर दिया गया। भोपाल की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह सहित कई और बड़े नेता गोडसे को महान बताने लगे। और इस प्रक्रिया में कुछ लोग गांधी को गाली भी देने लगे। मगर जब दुनिया भर के अन्तरराष्ट्रीय नेता भारत आए तो वे गांधी की समाधि पर ही पहुंचे। किसी ने नहीं कहा कि हम गोडसे को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं उसके लिए कहां ले चलेंगे! ऐसा तो नहीं है कि यह लोग गोडसे के बारे में अन्तरराष्ट्रीय नेताओं को उस समय नहीं बताते होंगे जब इनकी उनके साथ वन टू वन ( अलग से) बात होगी। वन टू वन बातचीत का बड़ा हिस्सा अनौपचारिक होता है। एक दूसरे के घर परिवार से लेकर सब तरह की होती हैं। तो क्या गोडसे जो इनका सबसे बड़ा हीरो है उसकी तारीफें ये विदेशी नेताओं के सामने नहीं करते होंगे? लेकिन वे प्रभावित नहीं होते। एक हत्यारे को हमारे यहां तो इन्होंने हीरो बनाने में कुछ हद तक सफलता पा ली मगर दुनिया में हत्यारे को हत्यारा ही माना जाता है।

तकलीफ तो बहुत होती होगी कि इतनी कोशिशें करने के बावजूद दुनिया, जिसका वे खुद को गुरु भी कहने लगे हैं, बात गांधी और नेहरू की ही करती है. गोडसे जिसका पिछले साढ़े 9 सालों में इतना प्रचार और तारीफ की उसे कोई नहीं पूछ रहा। सब इकट्ठा होकर गांधी की समाधि पर पहुंच रहे हैं। और ग्रुप फोटो भी खिंचवा रहे हैं।

मोदी सरकार आने के बाद यह पहला अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन था। और गोडसे बिल्कुल ही चर्चा में नहीं आ पाया। जबकि इस दौरान देश में कई जगह उसकी पूजा की गई, मूर्ति लगाई गई। जय जयकार की गई। गांधी को जो मुंह में आया वह गाली दी गई। और इनमें इनकी विचारधारा के संत साधु तो थे ही सांसद और मंत्री भी थे।

साढे 9 साल में यह देश बहुत बदल गया है। और यही फिल्म जवान में दिखाया गया है। किसानों की आत्महत्या, उनसे फसल खराब हो जाने के बावजूद जबर्दस्ती कर्जा वसूली, दूसरी तरफ बड़े उद्योगपतियों के कर्जे माफ। फिल्म देखकर सबकी समझ में आ रहा है कि कहानी किसकी है। देश में किन उद्योगपतियों के कर्जे माफ किए जा रहे हैं। और किसानों के साथ कैसे अत्याचार हो रहे हैं।



शकील अख्तर

> इस दौर में जब पत्रकार, साहित्यकार समझौते कर रहे हैं। तब केवल मनोरंजन के लिए फिल्म बनाने वाले मुंबई के फिल्म वालों से तो कोई अपेक्षा थी ही नहीं। वहां तो सरकारी अजेंडे को आगे बढ़ाने वाली फिल्में कश्मीर फाइल्स, केरला फाइल्स, गदर टू जैसी प्रोपेगंडा फिल्में बन रही थीं। जवान को आप प्रोपेगंडा फिल्म नहीं कह सकते।

कोरोना में जब मनमाने लॉकडाउन के बाद मजदूरों को पैदल हजारों किलोमीटर दूर उनके गांवों की तरफ खदेड़ा गया तो हमने इस त्रासदी के बारे में लिखते हुए कहा था कि दुनिया के इतिहास में सरकार द्वारा बनाई गई ऐसी किसी और त्रासदी का जिक्र नहीं मिलता। केवल दोनों विश्व युद्धों में ही ऐसी मानवीय त्रासदी देखने को मिली थी। लेकिन उन के बारे में विश्व साहित्य और विश्व सिनेमा में कई अच्छी किताबें और फिल्म देखने में आईं। उसी समय हमने लिखा था कि-कोई बड़ी कृति शायद इन लाखों मजदूरों के जिनमें औरतें, बच्चे, बुजुर्ग, बीमार सब थे-के महीनों पैदल चलते चले जाने पर आए।

जब दौर बहुत प्रतिकूल हो तो आप कलात्मक्ता और विचार के इस स्तर को पैमाना नहीं बना सकते जो सामान्य समय में होता है। मुश्किल समय में बात कहना ही बड़ी बात होती है।

जवान फिल्म को इसी तरह देखा जाना चाहिए। अगर शोरशराबा, मारधाड़, रंग रोशनी, शाहरुख का नायकत्व और साउथ की फिल्म तकनीक नहीं होती तो क्या लोग इतनी बड़ी तादाद में थियेटरों में पहुंचते?

थियेटर में बैठा हुआ हर शख्स शाहरूख के फिल्म के आखिरी हिस्से में दिए टी वी संदेश को दिल से सुनता रहा। धर्म पर वोट मत दो, जाति पांति पर वोट मत दो, को सहमति के साथ सुनता रहा। आज के दौर में कैसे भी हो इतना बड़ा संदेश शाहरूख खान ने लोगों तक पहुंचा दिया।

हिम्मत का काम है। सेना को किस तरह कमजोर किया जा रहा है जैसे नाजुक विषय को भी बिना पुलवामा का नाम लिए सामने रख दिया। गोरखपुर में किस तरह आक्सीजन सिलेंडर न होने की वजह से बच्चे तड़प-तड़प कर मरे। और उनके लिए आक्सीजन सिलेंडर का इंतजाम करने वाले डॉक्टर को कैसे बदनाम किया गया? जेल भेजा गया, यह भी बिना डा1. कफील का नाम लिए प्रभावी तौर पर दिखा दिया गया।

देश के लिए लड़ने वालों, काम करने वालों के पूरे परिवार को किस तरह तबाह किया जाता है। पत्नी तक को फांसी पर चढ़ा दिया जाता है, यह दर्दनाक मगर हकीकत के बहुत पास का मंजर भी दिखाया गया है।

इस दौर में जब पत्रकार,साहित्यकार समझौते कर रहे हैं। तब केवल मनोरंजन के लिए फिल्म बनाने वाले मुंबई के फिल्म वालों से तो कोई अपेक्षा थी ही नहीं। वहां तो सरकारी अजेंडे को आगे बढ़ाने वाली फिल्में कश्मीर फाइल्स, केरला फाइल्स, गदर टू जैसी प्रोपेगंडा फिल्में बन रही थीं।

जवान को आप प्रोपेगंडा फिल्म नहीं कह सकते। प्रोपेगंडा सरकार का होता है। ताकतवर का होता है। जनता का नहीं होता। जनता की तो आवाज होती है। जवान जनता की आवाज ही है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# 2024 के पहले हिंदू भावनाएं भड़काने की संघ-भाजपा की रणनीति

■ सुशील कुट्टी

हर प्रधानमंत्री देश को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर उतना दु:साहसी और निरंकुश नहीं होता जितना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि की सनातन धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर 'उचित प्रतिक्रिया' के लिए जनता का आह्वान करने के लिए किया जो भड़कावा या उकसावा जैसा ही था, जो भारत के लिए अशुभ है, एक ऐसे समय जब संघ-भाजपा लोकसभा चुनाव के पहले हिंदू भावनाएं भड़का कर उनका राजनीतिक दोहन करने की रणनीति पर चल रही है। प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी तो देश को शांति और समृद्धि के रास्ते पर ले जाना होता है। उदयनिधि, जो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं, ने जाति-ग्रस्त सनातन धर्म के विनाश का आह्वान किया था।

स्वाभाविक रूप से, हंगामे ने 'उत्तर भारत' को अपनी चपेट में ले लिया, जहां साल खत्म होने से पहले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। कुछ ही महीनों में तेलंगाना में भी चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद है कि वह उदयनिधि स्टालिन की भड़काऊ टिप्पणियों का अपनी पूरी क्षमता से उपयोग करके इन सभी राज्यों में हिंदू मतदाताओं को एकजुट कर लेगी।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए, उदयनिधि स्टालिन का सनातन धर्म के लिए अंतिम समाधान उन्हें तीसरा कार्यकाल जीतने का भी समाधान है। 'उचित प्रतिक्रिया' से उनका तात्पर्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनावी मुद्दे के रूप में स्टालिन की टिप्पणियों का उपयोग करना हो सकता है और निर्भर करता है रणनीति सफल होती है या विफल, इस पर विचार करते हुए इसे 2024 के आम चुनाव तक आगे बढ़ायें।

ठीक यही बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तब कही जब उन्होंने अपने मंत्रियों से भारत/इंडिया पर धीमी गति से आगे बढ़ने और सनातन धर्म पर उदयनिधि की अपमानजनक टिप्पणियों पर 'उचित प्रतिक्रिया' देने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। 'उचित प्रतिक्रिया' से प्रधानमंत्री का क्या तात्पर्य है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'उचित प्रतिक्रिया' से क्या मतलब है, इस पर जूरी अभी भी असमंजस में है। अर्थ अलग-अलग हो सकते हैं। जो तुरंत दिमाग में आता है वह है 'जैसे को तैसा' या 'सड़कों पर हमला' और 'ईंट-बल्लेबाजी' आदि पर तुल जाना। उदयनिधि की सनातनी विरोधी टिप्पणियों का हवाला देकर 'सनातन धर्म के वोटों को मजबूत करना' एक और तरीका हो सकता है। अहम बात यह है कि क्या मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर बोल रहे थे या भाजपा नेता के तौर पर अपनी बात रख रहे थे?

एक प्रधानमंत्री को सतर्क रहना चाहिए था और खुद को संयमित रखना चाहिए था, स्पष्ट रूप से और खुले तौर पर 'उचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है' इस प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी,विशेषकर उनको जिनमें नागरिक को नागरिक के खिलाफ खड़ा करने की क्षमता है - सनातनी समर्थक बनाम सनातनी विरोधी।

नि:संदेह, उदयनिधि स्टालिन मुसीबत मोल ले रहे थे और उन्होंने न तो अफसोस जताया है और न ही पछतावा। इसके बजाय, उनका कहना है कि जब तक पर्दा नीचे नहीं आ जाता, वह इसे जारी रखेंगे। क्या एमके स्टालिन ने बच्चे को अनुशासन में न रखकर बिगाड़ दिया?

लेकिन स्टालिन से ज्यादा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीति है, जिस पर सवाल उठाया जाना चाहिए, क्योंकि वह दयानिधि से बहुत बड़े नेता हैं। लगता है कि मोदी और भाजपा के लिए सब कुछ चुनावी राजनीति तक सिमट कर रह गया है। मोदी और शाह की पार्टी लगातार अपना रुख इस आधार पर बदल रही है कि उसकी चुनावी जरूरतें क्या हैं और कहां हैं? इसलिए, जब तक उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म पर जहर नहीं उगल रहे थे, तब तक भाजपा द्रविड़ आइकनईवीरामास्वामी नायकर, उदयनिधि स्टालिन के वैचारिक 'तानथाई' की प्रशंसा कर रही थी, जो 'पिता' के लिए तमिल है।

भाजपा के लिए, पेरियार को एक महान इंसान और सुधारक के रूप में प्रतिष्ठित करना पूरी तरह से दलित तक राजनीतिक पहुंच बनाने के लिए है। वही भाजपा अब 'पेरियार' के प्रति नफरत से भरी हुई है, जिसे प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 'पागलखाने' में भेजना चाहते थे। नेहरू पेरियार की हिंसक हरकतों को पचा नहीं सके, लेकिन मोदी सरकार ने- उदयनिधि स्टालिन की समाधि तोड़ने से पहले- पेरियार को 'महान भारतीयों' की कतार में ऊपर रख दिया।

डीएमके भ्रमित नहीं है। द्रमुक के लिए, पेरियार 'पिता' और आदर्श हैं। विशेष रूप से उदयनिधि पूरी तरह से पेरियार के वश में हैं। हिंदू धर्म पर पेरियार के 'विचारों का समूह' खोखला है। उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियां सीधे तौर पर पेरियार की विचारधारा से निकली हैं। अब प्रधानमंत्री का कहना है कि उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को 'उचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है'।

प्रधानमंत्री को रोकने वाली एकमात्र चीज़ जी-20 शिखर सम्मेलन ही है। मोदी का झुंड पहले ही प्रतिक्रिया दे चुका है। कैलिब्रेटेड प्रतिक्रिया ऑनएयर है। टीवी स्टूडियो में प्रचारित किया जा रहा है। मोदी सरकार के अनुकूल मीडिया उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ हर संभव प्रयास कर रहा है और भाजपा आईटी सेल हिंसा भरी धमकियां दे रहा है- एक एफआईआर के लिए एक एफआईआर। क्या मोदी को तीसरा कार्यकाल न देने की जिम्मेदारी तमिलनाडु और डीएमके पर आ गई है? ईश्वरविहीन द्रमुक बनाम ईश्वर से डरने वाली भाजपा- उत्तर और दक्षिण का युद्ध।

डीएमके के प्रवक्ता कॉन्स्टेंटाइन रवींद्रन का कहना है कि यह 'शिक्षित दक्षिण' और 'अशिक्षित उत्तर' की लड़ाई है। उनके लिए, उत्तर प्रदेश और बिहार सनातन धर्म के अशिक्षित अनुयायियों का घर है, ऐसे लोग जो न तो शिक्षित हैं और न ही बुद्धिमान। शेष भारत, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों के निवासी, 'सभ्य' लोग हैं जो बुतपरस्त मान्यताओं के धर्म से बच गये हैं। सनातन धर्म में सुधार करना भारत में पनप रहे इब्राहिम धर्म के प्रचारकों का कर्तव्य बन गया है। कॉन्स्टेंटाइन रवींद्रन जैसे सज्जन इस बात का प्रमाण हैं कि 'धर्मनिरपेक्षता' संविधान में एक शब्द के अलावा और कुछ नहीं है। उनके विचार में शायद धर्मनिरपेक्ष सनातनी हिंदुओं के लिए यह कहीं अधिक सार्थक है कि वे दिखावा छोड़ दें और किसी न किसी इब्राहिम धर्म को अपना लें। धर्मनिरपेक्षता से काम नहीं चलता।

लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए, उदयनिधि स्टालिन का सनातन धर्म के लिए अंतिम समाधान उन्हें तीसरा कार्यकाल जीतने का भी समाधान है। 'उचित प्रतिक्रिया' से उनका तात्पर्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनावी मुद्दे के रूप में स्टालिन की टिप्पणियों का उपयोग करना हो सकता है और निर्भर करता है रणनीति सफल होती है या विफल, इस पर विचार करते हुए इसे 2024 के आम चुनाव तक आगे बढ़ायें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना चुनाव जीतने का फॉर्मूला बताया। इसके साथ ही वह यह भी स्वीकार कर रहे हैं कि उनकी पसमांदा मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति ख़त्म हो चुकी है।

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा-सरण राम की लेह

जा कै सिमरणि होई अनंदा विनसै जनम मरण मैं दुखी।
चारि पदारथ नवनिधि पावहि बहुरि न त्रिसना भुखी।
जा को नाम्र लैत तू सुखी-सामिस सासि धिआवहु ठकुर।
कउ मन तक जीअरे सुखी (रहाओ)
सांति पावहि होनहि मन सीतल अगनि न अंतरि धुखी।
गुरुनानक कउ प्रभु दिखाइआ जल थलि त्रिभुवणि दुखी।।

गुरवाणी की यह पक्तियां सोरठि राग से ली गई हैं जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव मानव मन को समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हे भाई, जिस प्रभु परमात्मा के सिमरन करते रहने पर आप खुशी से भरा जीवन व्यतीत कर सकते हो। जनम-मरण के सारे दुखों का अंत हो सकता है सारे संसार के चारों पदार्थ-(धर्म अर्थ काम और (मोख) हासिल कर सकता है। नवनिधियां अठारह सिधियां तेरे कदम चूमती रहेंगी। ऐसे प्रभु परमात्मा का सिमरन सदा करते रहना चाहिए।

जो सुख को चाहो सदा-सरण राम की लेह।। जिस प्रभु के सिमरन करने मात्र से माया की भूख-प्यास तुम्हें कभी भी नहीं सताएगी। इसीलिए उसका सिमरन श्वांस श्वांस करते रहना चाहिए। अगली पंक्ति में आप समझा रहे हैं कि सिमरन करते रहने पर हर वक्त तुझे सुखों की प्राप्ति होती रहेगी। अतएव इंसान को चाहिए कि उस परमपिता परमात्मा जो सारे संसार की रचना करते हैं और सारे संसार की पालना कर रहे हैं । उसकी सिमरन भक्ति में हर वक्त रमे रहना चाहिए। उनके सिमरन करते रहने पर हर तरह से आनंद ही आनंद और सुखों की व धन दौलत की प्राप्ति होती रहती है-

सांस सांस सिमरो गोविंद मन अंतर की उतरे चिंद।

प्रभु परमात्मा के सिमरन करते रहने से हमारी तृष्णा भी खत्म हो जाएगी। हर प्रकार के दुखों से निजात हो जाएगी। इसीलिए हमें गुरवाणी द्वारा पग पग परस मझाया गया है कि

अविनाशी जीवन को दाता सिमरन सब मल खोई।
गुण निधान भगवन को बरतन बिरला पावै कोई।।

सिमरन भी हम तभी कर पाएंगे जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा होगी। शुरु शुरु में हमारा मन प्रभु भक्ति में न लगे पर धीरे-धीरे अभ्यास करते रहने पर यह सम्भव हो जाएगा। हमें अपने मन को सिमरन रूपी मथनी से मथना पड़ेगा। इसलिए हर वक्त अपना कार-विहार करते रहना है पर मन निरंकार से जुड़ा रहना चाहिए। तभी हम अपने अंदर विराजमान प्रभु परमात्मा में मन लगा पाएंगे तभी हमारा इस संसार में आना सफल हो सकेगा।

घटि घटि में हरि जू बसै संतन कहियो पुकार।

सिमरन करते रहने से हमें हर वस्तु में जीव जंतु में प्रभु के दर्शन होने लग जाएगा। फिर हमें वन कंदराओं उसे ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए।

बिसर नाहीं दातार अपना नाम देओ।
गुण गावां दिन रात नानक चाओ ऐहो।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### बुजुर्गों को मिलें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार!

धर्मराज यह भूमि किसी की, नहीं क्रीत है दासी,
है जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी।

यानी सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीकरण, बाधारहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन। रामधारी सिंह दिनकर की ये पंक्तियां आधुनिक होती युवा पीढ़ी के लिए कई सवाल खड़े करती है। तथाकथित व्यक्तिवादी एवं सुविधावादी सोच ने वर्तमान दौर में समाज की संरचना को असभ्य, अशालीन, बदसूरत एवं संवेदनहीन बना दिया है। अब रिश्तों का मर्म बस इतना रह गया है कि जरूरत के हिसाब से लोग रिश्ते निभा रहे हैं। जरूरत ख़त्म होते ही घर के बड़े-बुजुर्ग भी बोझ समझे जाने लगे हैं। डिजरायली का मार्मिक कथन है कि, 'यौवन एक भूल है, पूर्ण मनुष्यत्व एक संघर्ष और वार्धक्य एक पश्चाताप' ऐसे में माता-पिता के जीवन को पशचाताप का पर्याय न बनने दें। आज हर घर की यही कहानी है कि घर के बड़े बुजुर्ग अकेलेपन, तिरस्कार, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा और भय से अपमानित जीवन जीने को मजबूर है। आधुनिकता के इस दौर में उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के चलते सामाजिक मूल्यों के बदलते परिवेश में नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आ गया है। एकीकृत जीवनशैली ने बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं खड़ी कर दी है।

संविधान का अनुच्छेद- 21 प्रत्येक मनुष्य को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है, लेकिन जब अपने ही इस अधिकार में बाधक बन जाए तो हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं? ये कोई बताने या समझाने वाली बात नहीं! वैसे हमारे समाज की यह बहुत बड़ी विडम्बना है कि हम बेटों की चाहत में इतने अंधे हो गए हैं कि बेटियों को वो प्यार ही नहीं दे पाते जिसकी वे असल हकदार होती हैं। आज भी हमारे समाज में पुरुषवादी मानसिकता भरी हुई है। हम आज भी बेटे को कुलदीपक मानते हैं तो वहीं बेटियों को पराया धन माना जाता है, लेकिन अक्सर यही कुलदीपक अपने ही जन्मदाता को वृद्धा आश्रम छोड़ कर चले आते हैं।

हम च्वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना रखने वाले देश के लोग हैं। फ़िर आधुनिकता की दौड़ में इतना अंधे कैसे हो रहें कि अपने संस्कारों को ही तिलांजलि देने पर तुले हैं। क्या यही आधुनिकता है, जिसमें अपनों का सम्मान करना ही भूल जाए? हम तो विश्वगुरु बनने की राह में आगे बढ़ रहे हैं फिर कैसे अपने जीवन के प्रथम गुरु के साथ बदसलूकी पर उतर आए? ये सच है कि भागदौड़ भरी ज़िंदगी में हम अपने लिए ही समय नहीं निकाल पाते हैं, तो फिर अपनों की जिम्मेदारियों का ख्याल कैसे रखें? लेकिन जिस मां- बाप ने जन्म दिया उसकी जिम्मेदारी से मुंह तो मोड़ नहीं सकते। हम यह क्यों भूल जाते है कि जिस मां ने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा दर्द सहन कर हमें इस दुनिया में जन्म दिया है। जिस पिता ने हमें उंगली पकड़कर चलना सिखाया। जिसने हमें इस लायक बनाया कि हम सही गलत का फर्क समझ सके। फ़िर जिस वक्त उन्हें हमारे सहारे की ज़रूरत फ़िर हम कैसे मुकर सकते हैं?

पिछले कुछ दशकों में हमारे सामाजिक मूल्यों में काफ़ी बदलाव आ गया है, तभी सरकार को साल 2007 में 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण और कल्याण' कानून ही नहीं बनाना पड़ा। बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन के लिए न्यायपालिका को भी कड़े कदम उठाने पड़े। यह वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए सम्बल तो दे रहा है। बावजूद इसके आए दिन देश के किसी न किसी कोने से मां-बाप पर अत्याचार की खबरें भी आ रही हैं। इसके लिए सिर्फ सरकार ही नहीं. परिवार को भी अपने बुजुर्ग माता-पिता की जिम्मेदारी उठानी होगी।

**- सोनम लववंशी**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### जिले में बीते 24 घंटे में हुई 38.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2023 से 10 सितम्बर 2023 तक 968.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 455.1 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 10 सितम्बर 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 788.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1147.2, बेगमगंज में 1014.8, सिलवानी में 833.2, गौहरगंज में 712, बरेली में 1268.4, उदयपुरा में 1182.8, बा?ी में 833, सुल्तानपुर में 820.6 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1087 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 10 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 38.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 56 मिलीमीटर, गैरतगंज में 52.2, बेगमगंज में 24, सिलवानी में 17.6, गौहरगंज में 73, बरेली में 22, उदयपुरा में 19, बा?ी में 47, सुल्तानपुर में 26.2 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 45 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### गांव-गांव में विकास रथ दे रहे शासकीय योजनाओं की जानकारी

**रायसेन, देशबन्धु।** शासकीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में विकास रथ चलाए जा रहे है। जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विकास रथ में लगी एलईडी के माध्यम से नागरिकों को मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, किसान कल्याण के चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विकास रथ के माध्यम से 09 तथा 10 सितम्बर को सांची तथा उदयपुरा विधानसभा क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

### मातृशक्ति दुर्गावाहिनी ने मनाया विहिप का स्थापना दिवस



**गंजबासोदा, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस स्थानीय जी.वी.एम स्कूल में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रान्त सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव ने विहिप की स्थापना का उद्देश्य बताया और मातृशक्ति को सशक्त होकर संगठन को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन ज्योति वर्मा विभाग संयोजिका मातृशक्ति ने किया। इस अवसर पर प्रान्त टोली सदस्य डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, 12 सितम्बर को बजरंगदल की शौर्य रथ यात्रा मे सम्मलित होने का आग्रह जिलाध्यक्ष संदीप नेमा ने किया, जिला उपाध्यक्ष रंजीता राजपूत ,जिला संयोजिका मातृशक्ति स्वदेश छावड़ा, मात्तृशक्ति नगर सह संयोजिका स्नेहलता तिवारी, नगर सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी सलोनी तिवारी ,अध्यक्ष सावित्री महिला मंडल लक्ष्मी शर्मा ,संरक्षक सावित्री महिला मंडल वन्दना तिवारी ,आयुषी व्यास, रीनू नामदेव, मुदिता शर्मा,अनीता राजपूत, योगिता राजपूत, मंजू राजपूत, सुनीता चौहान, मंजू शर्मा, भारती शर्मा,रचना दांगी, प्रेमबाई विश्वकर्मा आदि बहनें उपस्थित थीं।

जनआशीर्वाद यात्रा के साथ 18 को सिरोंज आएंगे मुख्यमंत्री

# तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक



**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज लटेरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव की बात है कि प्रदेशभर के विभिन्न शहरों से प्रारंभ हुई जनआशीर्वाद यात्राओं में से एक यात्रा विदिशा जिले में प्रवेश कर रही है। जनआशीर्वाद की इस यात्रा के माध्यम से स्वयं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का सानिध्य एवं मार्गदर्शन हम सबको मिलने वाला है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन ने सिरोंज विधानसभा के नगर एवं ग्रामीण मंडलो के कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कही।

जनआशीर्वाद यात्रा की तैयारियों को लेकर संस्कार गार्डन में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा की मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने की प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद गाँव गरीब के आमजन के कल्याण के लिए विकास की जितनी योजनाएं बनाकर लागू की है वह इतिहास में आज तक किसी भी सरकार ने नही की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री की जनआशीर्वाद यात्रा के मार्ग में स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने के साथ प्रेरणादायक नवाचार करने का भी आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को आगासौद बीना में रिफायनरी के विस्तारीकरण की अधारशिला रखने पहुँच रहे है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सिरोंज विधानसभा से कार्यकर्ताओं की सहभागिता करने की भी बात कही। बैठक में जनआशीर्वाद यात्रा के विधानसभा प्रभारी रमेश यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर को मुख्यमंत्री ने नेतृत्व में जनआशीर्वाद यात्रा मधुसूदनगढ़ से होते हुए चंदेरी से हमारे जिले में प्रवेश कर लटेरी से होते हुए देर रात्रि सिरोंज पहुंचेगी। मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम सिरोंज में ही रहेगा इसके बाद 18 सितंबर को सुबह देव दर्शन उपरांत सिरोंज नगर के मुख्य मार्गों से रोड शो करते हुए स्थानीय बस स्टैंड पर आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद यह जनआशीर्वाद यात्रा भोपाल मार्ग से होते हुए विदिशा के लिए प्रस्थान करेगी। क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में निकलने वाली यात्रा के लिए उन्होंने नगर एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं से पूरे यात्रा मार्ग में पड़ने वाले गांवों में भी मुख्यमंत्री का वागत करने की अपील की। बैठक को विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने एवम आभार विधानसभा समंवयक हरीबाबू भार्गव में व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा विस्तारक कमलेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी,जिला मीडिया प्रभारी जितेंद बघेल,पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग,संतोष चौरे, मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी,चरण सिंह राजपूत,कार्यवाह अध्यक्ष नितिन मित्तल आदि सहित चितावर,देवपुर एवं नगर मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कमलनाथ से मिला कीर समाज का प्रतिनिधिमंडल



**भेरुन्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** कीर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश काग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से की भेंट की। कीर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कमलनाथ से उनके निवास पर ममता कीर पूर्व जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में भेंट कर कीर समाज हित में विभिन्न मांगों पर विस्तृत चर्चा कर इस ओर उनका ध्यान आकर्षित करवाया। साथ ही कीर समाज की प्रमुख मांग को घोषणा पत्र में जुड़वाने की बात कही। वहीं कहा कि भोपाल के पास लगे सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा, होशंगाबाद जिले की सिवनी मालवा विधानसभा आदि विधानसभा क्षेत्रों में कीर समाज की निर्णायक भूमिका में रहती है। उन विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी एक विधानसभा क्षेत्र से कीर समाज को एक टिकिट तो दिया ही जाए। साथ ही अन्य मांग रखते हुए कहा की कीर समाज भोपाल, रायसेन, व सीहोर जिले में अनुसूचित जनजाति में थी। उसको अब सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलवाना, कीर समाज के विद्यार्थियों के हित में संभाग स्तर पर व जिला स्तर और बड़े शहरों में छात्रावासों की स्थापना करवाना, कीर समाज की आराध्य पुरीबाई कीर की झांसी की रानी के रूप में निर्मित प्रतिमा संभागीय स्तर पर सहित इंदौर, उज्जैन, भोपाल, रायसेन,होशंगाबाद, नीमच आदि जिलों में स्थापना की जाना। जयंती 11 दिसंबर को पुरीबाई कीर के नाम से घोषित एच्छिक अवकाश की जगह पूर्णरूप से अवकाश घोषित करने के संबंध में बात कही। जिस पर कमलनाथ ने समाज के प्रतिनिधि मंडल से कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कीर समाज की हर समस्या का निदान किया जाएगा। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता कीर सीहोर, मनीष चांदना नीमच पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, मिस्टर कीर, प्रमोद कीर, भूपेंद्र निमोदा बुधनी ,दीप्ती कीर सीहोर आदि मौजूद रहे।

## बुराई सबसे बड़ा मानवीय अवगुणः पं. तिवारी



**सिरोंज, देशबन्धु।** पिपालिया हाट में आज भगवत कथा के तीसरे दिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से ग्रामीण कथा सुनने पहुंचे। कथा सुनाते हुए कथा व्यास राममोहन तिवारी ने कहा कि बुराई एक ऐसा मानवीय अवगुण है जो घर में भाई भाइयों में भी महाभारत जैसा कुलनाशक भीषण युद्ध करा सकता है। बुराई जैसे अवगुण से केवल वही बच सकता है जो द्वारकाधीश की शरणागति प्राप्त करता है। वर्तमान समय में आज भी दुनिया के देश महाविनाशक आग्नेय आस्त्रों का निर्माण कर इर्शा और द्वेष में एक दूसरे का विनाश करने पर उतारू हैं, केवल हमारा भारतवर्ष एक मात्र ऐसा देश है जो परमाणु अस्त्रों से सुसज्जित होने के बाद भी आज सबको शान्ति का संदेश दे रहा है,क्योंकि ये राम और कृष्ण की पावन भूमि है। महाभारत में दुर्योधन सदैव धर्मनिष्ठ पांडवों से इर्शा करता रहा और अंत में अपने सौ भाइयों सहित कुरुक्षेत्र के युद्ध में अपयश के साथ मृत्यु को प्राप्त हुआ। उन्होंने सबको संकल्पित कराया कि जीवन में किसी से बुराई नहीं करेंगे,वर्षा में भीगते हुये आसपास के समग्र ग्रामो से श्रोता कथा का रसपान करने पहुंचे।

## स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का आयोजन

**बैतूल,देशबन्धु।** जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में 44 विद्यालयों में संचालित वोकेशनल ट्रेड के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता की गई। उक्त कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा ट्रेड से संबंधित छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल, चार्ट एवं लघु नाटिका द्वारा अपने कौशलों का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा सरवस्ती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री हंसराज धुर्वे द्वारा अपने उद्बोधन में छात्रों को अपने-अपने ग्रामीण परिवेश में उपलब्ध संसाधनों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़कर व्यवसायिक अनुभव प्राप्त कर क्षेत्र के विकास पर बल दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारीअनिल कुशवाह द्वारा छात्रों को परीक्षा परिणाम के सुधार हेतु टिप्स एवं ट्रिक्स दिये गये। उन्होंने छात्रों से कहा की इस तरह की कौशल प्रदर्शनी आपके कौशल विकास में निखार लाती है। अतः आप सभी इस तरह की कौशल प्रदर्शनी में उत्साह पूर्वक हिस्सा लें। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संजीव श्रीवास्तव द्वारा छात्रों को अवगत कराया गया कि व्यवसायिक शिक्षा के विषय में 30 अंक थ्योरी के व 70 अंक प्रायोगिक कार्य के होते है। यह विषय कौशल विकास के साथ-साथ छात्रों के प्रतिशत वृद्धि में भी सहायक है। उन्होंने छात्रों को अवगत कराया गया कि आने वाला भविष्य व्यवसायिक शिक्षा के शिक्षकों एवं छात्रों का ही भविष्य है। उक्त कार्यक्रम में जिले के 8 विद्यालयों द्वारा लघु नाटिका की प्रस्तुती दी गई। निर्णायक सदस्य सत्येंद्र उदयपुरे एवं ललित लिल्होरे द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आठनेर की नाटिका को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर, तृतीय स्थान पर पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसदेही घोषित किया गया। इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता एवं मॉडल के निर्णायक सदस्यनागेश पवार, दिलीप दाबडे एवं बीना दीक्षित द्वारा व्यक्तिगत पोस्टर प्रतियोगिता में कु. अनामिका कामटे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल को प्रथम स्थान, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बजार द्वितीय स्थान एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरापाटला तृतीय स्थान पर रहे।

# बारिश ने तोड़ा 20 साल का रिकॉर्ड, एक दिन में 174 मिली मीटर बारिश

▸ जिले भर में बारिश से कई मकान धराशाई, लोगों के घरों से टपक रहा पानी

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले में पिछले तीन-चार दिन से लगातार हो रही बारिश ने अब 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और एक दिन में 174 मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। लगातार बारिश के कारण मुरैना मुख्यालय सहित जिले की तहसीलों में कई मकान धराशाई हो गए हैं, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। भीषण बारिश के चलते बस्तियों में जल भराव होने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश का दौर जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व आरंभ हुआ, पहले तो रुक-रुक कर बारिश हो रही थी तो लोगों को खास परेशानी नहीं हुई, परंतु पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है तथा बारिश से लोगों के मकान अब पानी से रिसने लगे हैं। लगातार बारिश के कारण शहर की कई बस्तियों में भारी जल भराव होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। जल भराव की समस्या के प्रति नगर निगम मुरैना द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर मौसम विभाग के विशेषज्ञ हरवंश सिंह ने आज बताया कि लगभग 20 वर्षों से ऐसी बारिश नहीं हुई जो पिछले दो दिन में हुई है और उसने 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

शनिवार को 109 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई तो वहीं रविवार को 174 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई है। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर तक बारिश होने का अनुमान है, वहीं बाजारा की फसल के संबंध में उन्होंने बताया कि अभी तक तो कोई नुकसान नहीं है तथा किसान खेतों में पानी ओवर होने पर उसे निकाल देंगे, लेकिन अगले तीन-चार दिन अगर बारिश जारी रही तो बाजारा की फसल को नुकसान हो सकता है। ज्ञात रहे की शनिवार को पूरे दिन बारिश होती रही तो वहीं शनिवार रविवार की पूरी रात बारिश ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। रविवार की सुबह 10 बजे तक लगातार बारिश होती रही, उसके बाद बारिश ने थोड़ा विराम लिया और फिर कुछ-कुछ देर पश्चात बादल बरसते रहे। इधर भारी बारिश के चलते बड़ोखर क्षेत्र में दो-तीन मकान धराशाई हो गए हैं, तो वहीं जिले की तहसीलों में भी मकान धराशाई होने के समाचार मिल रहे हैं, जिससे लोगों को भारी नुकसान हुआ है। भारी बारिश के चलते बिजली व्यवस्था भी काफी प्रभावित हो रही है तथा कई कई इलाकों में 24 -24 घंटे बिजली गायब है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### पटरी के नीचे मिट्टी धसकने से ट्रेनों का आवागमन बंद

शनिवार एवं रविवार को लगातार हुई झमाझम बारिश के कारण रेलवे ट्रैक उखड़ गया है। धौलपुर और मुरैना के बीच पटरी के नीचे मिट्टी धसकने से ट्रेनों का आवागमन बंद होने से रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली और लोग परेशान होते हुए दिखाई दिए। बताया जाता है कि रेलवे ट्रैक उखडने के कारण दिल्ली और भोपाल के बीच चलने वाली तमाम ट्रेन काफी लंबे से चल रही है तथा कई गाडियां अलग-अलग स्टेशनों पर कई घंटे से रुकी पड़ी हुई है। इस कारण यात्रियों को कई-कई घंटे प्लेटफार्म पर इंतजार करना पड़ रहा है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में सावित्री महिला मंडल के सहयोग से माटी एकत्र करने वाले अमृत कलश का विधिवत पूजन अर्चन कर माटी एकत्रीकरण का कार्य प्रारंभ किया तथा पंच प्राणों की शपथ ली। यह अमृत कलश यात्रा देश के कोने-कोने से 7500 कलशों में मिट्टी लेकर देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। इस अवसर पर मंडल की संरक्षक वंदना तिवारी अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, रंजीता राजपूत ,स्वदेश छाबड़ा, योगिता राजपूत ज्योति वर्मा सुनीता चौहान मंजू राजपूत आयुषी व्यास, नंदिता शर्मा रेनू नामदेव सलोनी तिवारी, वर्षा जैन, अनीता राजपूत, रचना दांगी आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# बस ऑपरेटर की अनिश्चितकालीन हड़ताल से यात्री परेशान

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले में संचालित प्राइवेट बस ऑपरेटर ने डग्गामार वाहनों के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल कर बसों को स्टैंड पर खड़ा कर दिया है और जिला प्रशासन से जिले भर में दौड़ रहे डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

बताया जाता है कि मुरैना जिले में जौरा एवं अंबाह मार्ग पर लगभग 400 प्राइवेट बसें परमिट से संचालित हो रही हैं और प्रत्येक बस वाला परमिट लेने के बदले में राज्य सरकार को प्रति बर्ष 15 से 25000 रुपए तक दे रहा है, इसके बावजूद परिवहन विभाग तथा पुलिस द्वारा जिले भर में दौड़ रहे मैक्स मार्शल, ऑटो, ई-रिक्शा पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे बस ऑपरेटर की आमदनी प्रभावित हो रही है। यह वाहन बिना किसी टैक्स के सड?ों पर दौड?र राज्य सरकार को भारी राजस्व की हानि पहुंचा रहे हैं। बस ऑपरेटर ने बताया कि पूर्व में भी वह जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है तथा पुलिस की नाक के नीचे यह वाहन संचालित होकर यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई न होने से नाराज बस ऑपरेटर द्वारा अपनी-अपनी बसें संबंधित बस स्टैंड पर खड़ी कर दी गई हैं और अनिश्चितकाल के लिए बंद करने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 11 साल में कंडम हुई नगर परिषद की 30 दुकानें, 40 जर्जर अवस्था में पहुंची

**मुरैना, देशबन्धु।** कैलारस में घटिया निर्माण के चलते नगर परिषद की 70 दुकानों में 30 दुकानें कंडम हालत में हैं। इसके अलावा 40 दुकानें जर्जर होकर धराशायी होने की कगार पर हैं। इतना हीं नही कुछ लोगों ने परिषद की दुकानों पर न केवल अवैध कब्जा कर रखा है, बल्कि वे किराया भी वसूल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस बात की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को है, बावजूद इसके वे कार्रवाई करने कतरा रहे हैं।

**बारिश में हो सकती हैं धराशायी:** नगर परिषद द्वारा वर्ष 2009 में एमडीएस के पास टॉवर वाली गली में 30 तथा 2010 में पुरानी सब्जी मंडी स्थित बस स्टैंड के पीछे 40 दुकानों का निर्माण कराया गया था, लेकिन ठेकेदार ने घटिया सामग्री का उपयोग करने के चलते दुकानों के निर्माण के साथ ही पलास्टर उखडने लगा तथा दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए। गत 12 साल में ही दुकान में लगा अधिकांश मटेरियल गिर गया है। वर्तमान में दुकानों के आगे बने छज्जे भी गिरने लगे है। जिससे आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल है।

**नीलामी नहीं होने से हो रही राजस्व की क्षति:** टॉवर वाली गली एवं बस स्टैंड के पीछे बनी हुई दुकानों में कई दुकानें अभी भी खाली पड़ी हुई हैं। नीलामी नहीं होने से नगर परिषद को राजस्व क्षति हो रही है, जबकि इन दुकानों में कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर किराया भी वसूला जा रहा है, वहीं कुछ दुकानों में बाहर के लोगों ने अवैध रूप से सामान रख अतिक्रमण कर लिया है, जो दुकानें आवंटित हुई है उनका किराया भी संबंधित व्यक्ति से नगर परिषद द्वारा नहीं लिया जा रहा है।

# महिला सशक्तिकरण में अभिनव पहल लाड़ली बहना योजना: डॉ. चौधरी

▸ जिला स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री



**गैरतगंज, देशबन्धु।** प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी योजना ला?ली बहना योजना एक अभिनव पहल है। आगामी समय मे महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ सामाजिक रुप से सशक्त बनेगी।

यह बात गैरतगंज के आयोजित लाडली बहना योजना अंतर्गत माह सितंबर 2023 की हितग्राहियों के बैंक खातों में आर्थिक सहायता राशि अंतरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कही। कार्यक्रम गैरतगंज के वन विभाग के डिपो गैरतपुर में आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। महिला बाल विकास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हितग्राही महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की लाखों लाडली बहनाओं के खाते में एक हजार की राशि उनके खातों में सीधे मध्य प्रदेश शासन द्वारा डाली जा रही है तथा अब राशि बढ़ाकर 1250 रुपए कर दी गई है जो की सभी हितग्राही महिलाओं के खातों में में आज 10 तारीख को अंतरित की जा रही है। इस राशि से मध्य प्रदेश की लाखों बहनों के जीवन में सुधार हुआ है। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नपाध्यक्ष जिनेश सिंघई, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जैन, रामकृपाल श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लाडली बहनाओं के पर पुष्प वर्षा कर उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग की ओर से तैयार करवाए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकट, महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजय अग्रवाल, सीईओ युक्ति शर्मा, तहसीलदार अंबर पंथी, नंदकिशोर परसानिया,महिला बाल विकास अधिकारी अरुणा गरुड़ सहित समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### 3 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 8 सितंबर से आशा कार्यकर्ता और सहयोगियों को तीन दिवसीय ईएचबीवाएसी प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अंतर्गत 0 से 15 माह तक के बच्चों की देखभाल और उनके पोषण आहार के संबंध में जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक गुनवा पाठेकर और रामकली पवार ने बताया कि चंदोरा खुर्द सेक्टर की आशा कार्यकर्ता एवं सहयोगियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मुलताई सीएचसी में आयोजित किया गया था। जिसमें मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया कि छोटे बच्चों की देखभाल कैसे की जाती है। ईएचबीवाएसी और एचबीएनसी कॉर्नर बनाया गया। जिसके माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मोबाइल के माध्यम से पढ़कर, सुनकर और देखकर भी महिलाओं को जानकारी दी जा सकती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल मृत्यु और बीमारियों को कम करना, छोटे बच्चों की पोषण संबंधी स्थिति में सुधार लाना, छोटे बच्चों की सही वृद्धि और आरंभिक बाल विकास को सुनिश्चित करना बताया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आशा कार्यकर्ता 3, 6, 9, 12 और 15 महीने में बच्चों के घर जाकर उन्हें जानकारी उपलब्ध कराती है। वही अधिक जोखिम वाले शिशु को पहले सप्ताह प्रतिदिन, दूसरे सप्ताह में हर तीसरे दिन दौरे कर जानकारी दी जाती है।

### राजगढ़ की महिला यात्री प्रतीक्षालय में गांजे के साथ पकड़ाई

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के नागपुर नाके पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय में राजगढ़ निवासी एक महिला अपने पास थैली में गांजा रखकर ठिकाने लगाने की फिराक में थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर महिला को पकड़ कर उसके पास थैले में रखा गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने बताया शनिवार रात में नागपुर नाके पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक महिला के गांजे की थैली लेकर बैठे होने की सूचना मिली थी। सूचना पर उप निरीक्षक अश्विनी चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल ने दबिश देकर महिला मीना सिसोदिया निवासी ग्राम गुलखेड़ी पिपल्या रसोड़ा जिला राजगढ़ के पास रखे थैले में से 4 हजार 800 रुपए कीमत का 480 ग्राम गांजा जब्त किया। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर बैतूल न्यायालय में पेश किया है।

### वेट लिफ्टिंग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन



**बैतूल, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भड़ूस में संभाग स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल में पहली बार बैतूल जिले के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। शाला प्राचार्य शर्मीला बिसेन ने बताया कि बैतूल जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भड़ूस की छात्राओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। जिसमें विभिन्न केटेगिरी में लक्ष्मी साहू, पलक परिहार, मीनाक्षी पंवार, रेणुका साहू, अपर्णा डिगरसे, परी सोनी, साक्षी पंवार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो सिहोर में होनी के लिए क्वालीफाई कर लिया है। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में शाला स्टॉफ एवं खेल युवक कल्याण विभाग के तपेश साहू ने निर्णायक की भूमिका अदा की। चयनित खिलाड़ियों को शाला स्टॉफ सहित खेलप्रेमियों ने बधाई दी है।

# जीवन में छोटी असफलताओं से विचलित न हों: कलेक्टर

▶ **जिले के 50 छात्र-छात्राएं यूपीएससी की नि:शुल्क कोचिंग के लिए चयनित**




**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने कहा कि जिले में विजन आईएएस संस्था के माध्यम से यूपीएससी की निःशुल्क कोचिंग ले रहे विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि छोटी-छोटी असफलताओं से विचलित न हों। बड़ी सफलता के लिए अनंत सोच विकसित करें। साथ ही सफलता के लिए अपने जज्बे को बनाए रखें। निःशुल्क कोचिंग के लिए चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी अपेक्षा है कि विद्यार्थियों को पूरी ताकत के साथ प्रोत्साहित करें एवं सफलता के लिए उनका मनोबल बढ़ाए। उन्होंने कहा कि जीवन एकयात्रा है इसमें सफलता, असफलता दोनों जुड़े होते हैं। असफलताओं को नजरअंदाज कर हमें सफलता के मार्ग पर आगे बढने् के लिए सदैव प्रयास करना चाहिए। बैंस रविवार को विजन आईएएस संस्था के माध्यम से यूपीएससी की निशुल्क कोचिंग के लिए चयनित विद्यार्थियों के लिए आयोजित केरियर मार्गदर्शन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद थे। समारोह में सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन, चार्टेड अकाउंटेंट एवं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक सुनील हिराणी, सहायक कलेक्टर एश्वर्या वर्मा, संस्था की संचालक दीपाली चतुर्वेदी, आईएएस फेकल्टी डॉ.श्रुति जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। गौरतलब है कि कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस की पहल से जिले में पहली बार विद्यार्थियों को यूपीएससी परीक्षा की नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन ने कहा कि आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए सेल्फ मोटिवेशन पहली कड़ी है। इसकी तैयारी के लिए विद्यार्थी का दृष्टिकोण एवं रणनीति स्पष्ट होना चाहिए। परीक्षा के लिए किस तरह के अध्ययन की जरूरत है, वह भी विद्यार्थियों को समझना होगा। विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी की बेहतर योजना बनाए एवं अध्ययन की मजबूत बुनियाद तैयार करें। यह भी जरूरी है कि वे परीक्षा की तैयारी को बोझ न समझे। साथ ही समय का सदुपयोग करना सीखे। स्वयं में नकारात्मक उर्जा विकसित न होने दें। प्रशासन नियमित रूप से उनके लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगा। कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर श्री एश्वर्या वर्मा ने विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के अनुभव शेयर करते हुए कहा कि हमेशा ध्यान रखे कि सीखने की जिज्ञासा कम न हो।

विधायक पांसे ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## अब नहीं होगा हिवरखेड़ में मिट्टी का कटाव



**मुलताई, देशबन्धु।** अंभोरा नदी के तेज बहाव से ग्राम हिवरखेड़ में हो रहे मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए विधायक निधि से 3 लाख की लागत से रीटेर्निंग वाल का निर्माण किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन रविवार को विधायक सुखदेव पांसे ने किया। अंभोरा के प्रवाह से ग्राम हिवरखेड़ की बसाहट भी प्रभावित हो रही थी और तेजी से मिट्टी का कटाव होने से ग्रामीणो की चिंता बढ़ती जा रही थी। इस परेशानी से निजात दिलाये जाने हेतु ग्रामीणों द्वारा उक्त स्थल पर रिर्टनिंग वॉल निर्माण कार्य कराये जाने हेतु विधायक एवं पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को अवगत कराया था जिस पर विधायक पांसे द्वारा अपनी विधायक निधि से ग्राम हिवरखेड़ में अंभोरा नदी पर रिर्टनिंग वॉल निर्माण हेतु 3 लाख रूपये स्वीकृत कर रिर्टनिंग वॉल निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मासोद अध्यक्ष मिश्रीलाल धाकड़, बाबाराव ठाकरे, संतोष साहू, विश्वनाथ धोटे सरपंच, प्रकाश पाल जनपद सदस्य, मिना गव्हाड़े, रमेश पटेल, गुलाबराव मगरदे, राजू इंगले सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## युवाओं को संगठन से जोड़ने जयस चलाएगी सदस्यता अभियान



**बैतूल, देशबन्धु।** जयस की ब्लॉक स्तरीय बैठक रेनबसेरा पडापेन ठाना में सम्पन्न हुई। जिसमें जयस जिलाध्यक्ष संदीप धुर्वे ने कहा कि जयस सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलायेंग। जयस जिला उपाध्यक्ष रितिक बाबा परते ने कहा कि जयस संगठन निरतंर हर वर्ग समाज की लड़ाई लड़ रहा। युवाओं को अधिक अधिक से अधिक जयस सदस्य बनवाने के लिए कार्य करेंगे। जिला प्रभारी महेश शाह उइके ने कहा जयस संवैधानिक हक अधिकारों के बारे में समाज को जागरूक करने का काम कर रही है और बैतूल ब्लॉक में पांचवी अनुसूची लागू हो और पेशा एक्ट लागू होना चाहिये उसके लिए जयस निरन्तर लड़ाई लड़ रहा है और भोला उइके ने कहा कि समाज के लोगों को बिजनेस के क्षेत्र में अधिक से अधिक स्वरोजगार आर्थिक रूप में मजबूत होने के लिए प्रेरित किया। बैठक में जिला ककोडिया जयस जिला सचिव,सौरभ सलामे जयस जिला मीडिया प्रभारी,रामदीन इवने जिला जयस आईटी सेल प्रभारी, उइके मोबाइल के संचालक भोला उइके, मनीष परते जयस ब्लाक अध्यक्ष ,लकेश धुर्वे जयस ब्लाक उपाध्यक्ष, विजय धुर्वे ब्लाक प्रभारी थावड़ी पंचायत सरपंच,राजू उइके जयस नगर अध्यक्ष,शिवकुमार परते जयस ब्लाक सचिव आदि मौजूद रहे।

### आप आज करेगी धरना प्रदर्शन

**सारनी, देशबन्धु।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा और वन भूमि पर संचालित होने वाले अवैध गतिविधियों को बंद करने के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा सोमवार को दोपहर 12 बजे पाथाखेड़ा बस स्टॉप पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं लोकसभा प्रमुख अजय सोनी का आरोप है कि वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की भूमि पर अवैध तरीके से शासकीय शराब की दुकानें संचालित की जा रही है। वन भूमि पर लंबे समय से स्क्रेप की दुकानें संचालित हो रही है। इसके अलावा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों से निर्धारित मापदंड से अधिक बिजली कनेक्शन लिए जाने के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूलने का काम संबंधित ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है। इसको लेकर पार्टी इसका विरोध करेंगी। अवैध तरीके से स्क्रैप की दुकानें संचालित हो रही है जिसकी वजह से कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा और विद्युत नगरी सारनी में लगातार स्क्रैप चोरी होने का सिलसिला लगातार जारी है।

## जिला बनाने की मांग के समर्थन में आज बंद, मुख्यमंत्री के नाम भेजे 1 हजार पोस्टकार्ड

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई को जिला बनाओ आंदोलन के समर्थन में आज मुलताई बंद का आव्हान किया गया है। इसके समर्थन में रविवार समिति के सदस्यों ने घर-घर और दुकानों पर जाकर पीले चावल का निमंत्रण देकर अपने प्रतिष्ठानों को बंद रख आंदोलन में सहभागी बनने और समर्थन करने हेतु नगर वासियों को आमंत्रित किया। वहीं मुलताई को जिला बनाओ आंदोलन के मंच पर पहुंचकर साउंड टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप (टीनू) भावसार, अनीश पठान, जानी बोबडे,राजू पवार,बम बाकोड़े,राहुल पवार,सुभम, नवनीत पांसे एवं संरक्षक मोहम्मद अफसरआदि ने समर्थन दिया। वहीं खेड़ली बाजार, बोरदेही, उमरिया आदि जगह से आए हुए ग्रामीण अलकेश ठाकुर, अरविंद राजपूत, छोटू साहु, बलराम राजपूत, सन्नी निगम आदि ने अपना समर्थन दिया। समिति के सौरभ जोशी, हनी खुराना, रोबिन सिंह परिहार, लोकेश यादव, शुभम पंडाग्रे, कृष्णा पवार, जेडी पाटिल, राजधानी परिहार आदि ने बताया कि सुबह से शाम तक स्वेच्छा से सभी प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की गई है।

मां ताप्ती बस एजेंट एसोसिएशन द्वारा 26 अगस्त से मुलताई को जिला बनाने की मांग को लेकर नगर में पोस्टकार्ड अभियान चलाया जा रहा था। जिसके तहत जिला मंत्री संतोष राय ने बताया कि 1000 पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम लिखकर संगठन की ओर से भेजे गए हैं। मुलताई शहर में घूम कर उन्होंने सभी से पोस्टकार्ड लिखवाए और मुलताई को जिला बनाने की मांग मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंचाई।

**निजी स्कूल संचालकों ने घोषित की छुट्टी:** अशासकीय शाला संगठन के अध्यक्ष अनीश नायर ने बताया कि मुलताई नगर सहित आसपास में संचालित समस्त अशासकीय शाला के संचालकों ने मुलताई को जिला बनाने की मांग का समर्थन करते हुए अपने-अपने स्कूलों में छुट्टियां घोषित की है, आज स्कूल बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि कुछ स्कूलों में परीक्षा होने के बावजूद छुट्टी दे दी गई ताकि बच्चों को आने-जाने में होने वाली परेशानी से बचा जा सके और कोई समस्या ना हो।

**पुलिस ने बुलाई बैठक:** मुलताई बंद के आव्हान को लेकर रविवार पुलिस थाने में तहसीलदार अनामिका सिंह एवं थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा द्वारा जिला बनाओ आंदोलन समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें आंदोलन की रूपरेखा के बारे में चर्चा की गई। जिस पर समिति के हनी खुराना, लोकेश यादव, रॉबिन परिहार ने बताया कि मुलताई बंद शांतिपूर्वक रहेगा। समिति की ओर से किसी से भी जबरदस्ती प्रतिष्ठान बंद नहीं कराए जाएंगे। स्वेच्छा से जो मुलताई को जिला बनाने के लिए अपना समर्थन देना चाहे वह अपने प्रतिष्ठान बंद रख सकते हैं। मेडिकल और स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू रहेगी। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि बंद के मद्देनजर किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए बाहर से पर्याप्त पुलिस बल बुलवाया गया है।

## 4 स्थाई वारंटियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

**सारनी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव करीब है और पुराने मामलों में स्थाई वारंटी की धडपकड़ अभियान जिला स्तर पर किया जा रहा है इसी तारतम्य में रविवार को विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार स्थाई वारंटीओं को पकड़ने में सारनी पुलिस को सफलता मिली है। सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमार कुमरे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के निर्देशन एवं सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में सारनी पुलिस ने काबिंग गस्त के दौरान विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत लंबे समय से फरार चार बेमियादी वारंटी को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि कई वर्ष से फरार चल रहे मनोज पिता मनोहर बंगाली हीरापुर थाना चोपना,रिंदा पिता भूढ़िया कोरकू ग्राम भोपाली थाना रानीपुर, पवन पिता धसू जगदेव शक्ति नगर शोभापुर थाना सारनी को पकड़ कर रविवार न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से चारों स्थाई वारंटी को जिला जेल भेजने का कार्य न्यायालय के माध्यम से किया गया है। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को पकड़ने में सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमार,पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी संदीप जाट, सहायक उप निरीक्षक मौर्य, प्रधान आरक्षक कैलाश,आसिफ खान, आरक्षक रोहित,नगर सैनिक मिश्रीलाल गुजरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## प्राचार्य को हटाने के लिए लामबंद हुए 5 गांवों के ग्रामीण

**बैतूल, देशबन्धु।** शा.उ.मा.वि. नांदा में पदस्थ प्राचार्य के खिलाफ पांच गांव के ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। ग्राम नांदा, पाट, गदाखार, डोल, घोघरा के इन ग्रामीणों ने प्राचार्य के खिलाफ अभद्र व्यवहार सहित भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए है। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है। ग्रामीणों के विरोध के बाद सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कार्यव्यवस्था की दृष्टि से आभा चौरासे प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक शाला नांदा, विकास खण्ड भीमपुर को अन्य आदेश पर्यन्त हाईस्कूल झापल, विकास खण्ड भीमपुर में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। प्राचार्य के खिलाफ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अतिथि शिक्षक भर्ती सहित नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। पांच गांव के जनप्रतिनिधियों एवं पालकगणों ने प्राचार्य से शाला की व्यवस्था एवं पढ़ाई के संदर्भ में सवाल उठाए है कि विगत वर्षों से शाला का परिणाम निरंतर खराब आ रहा है। विगत वर्षों से एसएमडीसी समिति का गठन नही किया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विगत वर्षों से विद्यालय में कोई भी खेल गतिविधि संचालित नहीं की जा रही है। विगत वर्षों से नांदा संकुल के सभी विद्यालयों में विभिन्न विषयों के अध्ययन के लिए रखे गये अतिथि शिक्षकों को शासन के दिशा-निर्देशों के विरूद्ध मनमाने ढंग से अपने निजी धन लाभ के लिए रखा जाता है।

प्राचार्य के द्वारा स्वयं की पुत्री को अतिथि शिक्षक के नाम पर पूर्व में वर्ष 2018-19 एवं अन्य विगत वर्षों में भी मासिक वेतन का आरहण किया गया। वर्तमान में भी संकुल नांदा के ग्राम इमलीडोह के विद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्यरत है, लेकिन विद्यालय में सप्ताह में केवल 1 या 2 दिन ही उपस्थित होने के बावजूद मासिक वेतन का पूर्ण लाभ दिया जा रहा।

## ढोलेवार कुंबी समाज की कार्यकरणी गठित, युवाओं ने किया रक्तदान



**आमला, देशबन्धु।** सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज की बैठक सम्पन्न हुई। वार्ड 3 के माता मंदिर प्रांगण में समाज की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ढोलेवार कुंबी समाज असीरगढ़ परगना से मूल रूप से आते है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्रीराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बुजुर्गों का स्वागत सत्कार किया गया। इसके अलावा रक्तदान करने वाली टीम का स्वागत किया गया। युवा संगठन आसीरगढ़क्षेत्र का की कार्यकारणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष अर्जुन पुन्डे,उपाध्यक्ष नरेंद्र आसोल,उपाध्यक्ष गौतम बोखारे सलैया,सचिव दीपक कोकाटे,कोषाध्यक्ष शिवकुमार छेरकी, मीडिया प्रभारी राकेश धामो? मनोनीत किये गए। सरंक्षक भोलाराम कोकाटे,रामपाल मोड़क,शिवपाल गंगारे,राजू कापसे,फूलचंद मोड़क,सतीश पुन्डे,लखन नारे,सुखदेव नारे,अजय गंगारे मनोनीत किये गए। कार्यक्रम में समाज के आलाव अन्य 80 से अधिक युवाओं द्वारा रक्तदान किया रक्तदान कार्यक्रम में नगर की जनसेवा कल्याण समिति ने भी अग्रणी सहयोग प्रदान किया। जिन्हें प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### पुनीत सागर अभियान: एनसीसी कैडेट्स ने निकाली स्वच्छता रैली

**मुलताई, देशबन्धु।** सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुलताई के एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुनीत सागर आभियान के तहत ताप्ती उदगम स्थल मुल्ताई में घाटों की साफ सफाई एवम स्वच्छता हेतु लोगों को जागरूक किया गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई जो की नगर के मुख्य मार्गो और चौक चोराहो से होते हुए पुन: स्कूल पहुंची। सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य संदीप गणेशे, आर.एन. महाते, आर.के. वर्मा, एनसीसी अधिकारी जयप्रकाश परिहार ने भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी 20 समेलन पर एनसीसी कैडेट्स को जानकारी दी। ताप्ती तट पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा साफ सफाई की गई। इस अभियान में विभिन्न खेल गतिविधि और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

*बैतूल-खेड़ी-परतवाड़ा राजमार्ग 43 की हालत खस्ता, विधायक ने एमपीआरडीसी के मुख्य अभियंता को बताई समस्या*

## राजमार्ग पर गड्ढों से परेशान हो रहे वाहन चालक

**भैंसदेही, देशबन्धु।** बैतूल खेड़ी-परतवाड़ा राजमार्ग 43 की जर्जर स्थिति को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है।



भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरमूसिंह सिरसाम ने एमपीआरडीसी के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर सड़क कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है। विधायक ने मुख्य अभियंता को बताया कि बैतूल खेड़ी-परतवाड़ा राजमार्ग 43 महाराष्ट्र राज्य को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। जिसके कारण वाहन चालकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खस्ताहाल सड़क की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है, परन्तु विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी मार्ग पर भारी वाहनों से टोल टैक्स भी वसूला जाता है, लेकिन वाहनों के लिए आवागमन में कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। जिससे जनता में आक्रोश है। विधायक ने मार्ग का सुधार शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की।



**वाहनों को भी हो रहा नुकसान:** बैतूल खेड़ी-परवाड़ा स्टेट हाइवे पर जगह-जगह गड्ढों के कारण वाहनों को भी नुकसान हो रहा है। वाहन चालक, राजेंद्र धुले, कमलेश कावड़कर ने बताया कि सड़क पर तेज गति में दौड़ते वाहनों के पहिये जैसे ही गड्ढों में जाते है, वाहन अनियंत्रित हो जाते है। इससे दुर्घटनाएं तो बढ़ रही है, साथ ही वाहनों को भी नुकसान पहुंचता था। जिससे लोगों को शरीरिक पीड़ा के साथ-साथ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गौरतलब रहे कि मप्र को महाराष्ट्र से जोडने् वाले बैतूल खेड़ी-परतवाड़ा मार्ग पर 24 घंटे वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में सड़क की खस्ता हालत के कारण रोजाना वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**कई बार शिकायतें, लेकिन नहीं दे रहे ध्यान:** बैतूल खेड़ी-परतवाड़ा मार्ग की खस्ता हालात को लेकर लोगों ने कई बार शिकायतें भी की, लेकिन मार्ग के निर्माण या गड्ढों को भरकर लेवल करने का काम आज तक नहीं किया गया। यहां तक कि इसी मार्ग पर पड़ने वाली पुलिया भी क्षतिग्रस्त होने की कगार पर पहुंच गई है। इससे वाहन चालकों को हमेशा हादसों का अंदेशा बना रहता है। खासबात है कि इस मार्ग के अंधे मोड़ पर संकेतक भी गायब है। जिससे वाहन चालकों को दशा समझने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क किनारे के संकेतक नहीं होने के कारण इस सड़क पर बड़े और जानलेवा हादसे भी हो चुके है।

### इनका कहना है

मैंने एमपीआरडीसी के मुख्य अभियंता को समस्या बताई है। बैतूल-परतवाड़ा मार्ग का अविलंब कार्य प्रारंभ करने की मांग की है। यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण काम शुरू नहीं किया जाता है तो आगामी समय सड़क को लेकर आंदोलन किया जायेगा।

**धरमूसिंह सिरसाम,**
**विधायक, भैंसदेही**

## सार समाचार

### 2 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में पहुंची राशि

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत लाड़ली बहनों को चौथी किश्त की राशि के अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम ग्वालियर जिले में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1.31 करोड़ लाडली बहनों के खाते में 1269 करोड़ राशि का अंतरण किया। जिले के सभी ग्राम पंचायतों और वार्डों में कार्यक्रम का वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर संजीव प्रसारण किया गया। जिसमे लाड़ली बहनों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को देखा और कार्यक्रम को सराहा। कार्यक्रम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों अधिकारी ,कर्मचारियों द्वारा भी देखा गया। कार्यक्रम में लाडली बहना योजना के तहत जिले के 2 लाख 14 हजार 763 हितग्राहियों के खाते में 20 करोड़ 71 लाख 58 हजार की राशि अंतरित की गई है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बढ़ी संख्या में लाडली बहना उपस्थित रहीं। हितग्राहियों को सम्मानपूर्वक बुलाया गया। राज्य स्तर से प्रसारित होने वाले राशि अंतरण कार्यक्रम का प्रत्येक ग्राम पंचायत कार्यालय एवं जिले की नगरीय निकाय वार्ड में बडी स्क्रीन पर सीधे प्रसारण को दिखाया गया।

### मिशन इंद्रधनुष अभियान: टीकाकरण का दूसरा चरण आज से प्रारंभ

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग एवं गर्भवती महिलाओं में टीकाकरण से छूटे हुए हितग्राहियों को टीकाकृत करने हेतु मिशन इंद्रधनुष 5.0 का दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर 2023 तक समस्त विकासखंडों में आयोजित किया जा रहा है। एमपीडब्ल्यू सुनील साहू ने बताया कि सोमवार 11 सितंबर को जिले में 169 केंद्रो पर 244 बच्चो एवं 39 गर्भवती महिलाओं को टीके लगाएं जायेंगे। जिसकी ऑनलाइन एंट्री यूविन पोर्टल में की जाएगी,अभियान की मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर से अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, सभी नागरिकों से अपील कि जाती है कि वह अपने बच्चों के छूटे हुए टीकों को लगवा कर टीकाकृत कर लें। टीकाकरण से शिशुओं को क्षय, काली खांसी, टिटनस, निमोनिया, मीजल्स रुबेला,पोलियो, दस्त जेसी जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा होती है।

# पवारखेड़ा केंद्र में कृषि शिक्षा मेले का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** आईसीएआर–सीआईएफई ने जिले में स्थित पवारखेड़ा केंद्र में कृषि शिक्षा मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में आयोजित किया गया था जो विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना है। नर्मदापुरम जिले के आसपास के क्षेत्रों के स्कूलों की विज्ञान स्ट्रीम के लगभग 350 उच्चतर माध्यमिक छात्रों ने भाग लिया।

सीआईएफई एक प्रमुख राष्ट्रीय मत्स्य पालन विश्वविद्यालय है जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, सरकार के तहत काम करता है। यह संस्थान, मत्स्य पालन और जलीय कृषि के अग्रणी क्षेत्रों में मानव संसाधन विकसित करने में लगा हुआ है। यह सीमांत क्षेत्रों में अनुसंधान और आवश्यकता आधारित प्रौद्योगिकियों के विकास में भी शामिल है। संस्थान के देशभर में पांच केंद्र हैं और इनमें से एक मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पवारखेड़ा में है जहां कार्यक्रम आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी) एक आईसीएआर विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना है जिसका उद्देश्य छात्रों को अधिक प्रासंगिक और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में भाग लेने वाले कृषि विश्वविद्यालयों और आईसीएआर का समर्थन करना है।

इच्छुक कृषि विश्वविद्यालयों (एयू) को तकनीकी रूप से सुदृढ़ और सत्य निवेशों का प्रस्ताव और कार्यान्वयन करने के लिए समर्थन देकर गुणवत्ता को संबोधित करता है जो संकाय प्रदर्शन को बढ़ाता है, इन विश्वविद्यालयों में बेहतर छात्रों को आकर्षित करता है, छात्रों के सीखने के परिणामों में सुधार करता है और भविष्य में रोजगार के लिए उनकी संभावनाओं को बढ़ाता है, खासकर निजी क्षेत्र में कृषि शिक्षा मेले का उद्देश्य कृषि शिक्षा पर जागरूकता पैदा करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)- 2020 के अनुसार एचएससी और एसएससी स्तरों पर कृषि और संबद्ध विषयों को मुख्यधारा में लाना है। इस मेले में छात्रों को शैक्षिक सलाहकारों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्र में कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। सफल उद्यमियों को छात्रों के साथ बातचीत करने और उद्यमिता विकास के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के मत्स्य पालन विभाग के संचालक डॉ भरत सिंह ने किया आईसीएआर- सीआईएफई, मुंबई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ श्रीनिवास जहागीरदार ने सभी का स्वागत किया। आईसीएआर-सीआईएफई, मुंबई से प्रधान वैज्ञानिक डॉ रूपम शर्मा ने कार्यक्रम और तकनीकी कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

आईसीएआर सीआईएफई, मुंबई के अन्य संकाय सदस्यों डॉ शशि भूषण, डॉ धालोंग आर, डॉ शामना और डॉ हर्षा ने छात्रों के साथ बातचीत की और कृषि और संबद्ध विज्ञान पाठ्यक्रमों में विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में बताया। कृषि शिक्षा मेले के एक भाग के रूप में कृषि शिक्षा के बारे में वर्णन करने वाली और मत्स्य विज्ञान की विभिन्न तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी। आईसीएआर सीआईएफई पवारखेड़ा केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ सुनील कुमार नायक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बेटे का ईलाज कराने आए पिता व डॉक्टर में हुई झूमाझटकी



- डॉक्टर की शिकायत 5 लोगों मामला दर्ज
- मरीज ने डॉक्टर पर लगाए मारपीट के आरोप

**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर व मरीज के पिता में मारपीट हो गई। डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोंगो पर मारपीट एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया हैं। दरअसल नगर के गलान रोड पर रहने वाले प्रेम सिंह राजपूत अपने 17 वर्षीय की अचानक तबियत बिगड़ने पर देर रात अस्पताल ईलाज कराने आये थे। अस्पताल रात में ड्यूटी पर कोई डॉक्टर नहीं था एएनएम सहित वार्ड बॉय उपस्थित थे। मरीज के पिता द्वारा डॉक्टर को बुलाने की गुहार अस्पताल में मौजूद स्टाफ की गई। स्टाफ द्वारा डॉक्टर को उनके मोबाइल नम्बर कॉल किया दो से तीन मर्तबा किया गया। डॉक्टर जगदीश अहिरवार नींद होने कर चलते फोन रिसीव नहीं किया। वही बेटे की तबियत लगातार बिगड़ने से उसका पिता अन्य परिजन परेशान हो उठे गुस्से जाकर जोर जोर डॉक्टर के क्वार्टर का गेट पीटने लगे। जोर जोर दरवाजा पीटने पर डॉ जगदीश अहिरवार गेट खोलकर बाहर आये। इसी बीच मरीज का पिता प्रेम सिंह राजपूत ने डॉ से अभद्रता कर दी। इस को लेकर डॉक्टर और मरीज के पिता में विवाद शांत होने बढ़ गया। दोनो में आपस मे धक्कामुक्की मारपीट शुरू हो गई। विवाद बढ़ता देख शोर सुन कर डॉ की पत्नी भी बाहर निकल गई वो भी विवाद में उलझ गई।

विवाद के बाद प्रथमिक स्वास्थ केंद्र कर प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. जगदीश अहिरवार और उनकी पत्नी ने घटना की लिखित शिकायत थाने में दर्ज करवाई है उनका कहना है कि मरीज के परिजन के द्वारा गाली गलौच करते हुए मारपीट कर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग किया है जिसकी शिकायत के आधार पर थाना पुलिस ने, धारा 294, 323, 353, 458, 506, 34 आईपीसी व एससी एसटी एक्ट की धारा 3/4 डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट 2008 की 3(1)दा,3(1)घ,3(2)1a, के तहक प्रेम सिंह राजपूत, धनंजय राजपूत, संध्या राजपूत, आकाश राजपूत एवं आरिफ खान के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

वहीं मरीज के पिता प्रेमसिंह राजपूत ने भी शिकायती पत्र थाना पुलिस को देकर डॉक्टर के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाया हैं। मरीज के पिता द्वारा दिए गय आवेदन पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी हैं।

#### इनका कहना है

डॉक्टर की शिकायत मामला दर्ज करने की कार्यवाही की गई। मरीज के पिता द्वारा भी एक आवेदन दिया गया जिसकी विवेचना की जा रही हैं। उस बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**राकेश साहू,** थाना टी आई हरपालपुर

### युवा यादव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विस सचिव सिंह, कहा

## कर्मयोगी यदुवंश का अतीत गौरवशाली



**भोपाल/ टीकमगढ़।** यदुवंश का गौरवशाली अतीत है, हम सभी कर्मयोगी हैं और अपने आराध्य श्रीकृष्ण की विपरीत परिस्थितियों में जीवन में संतुलन, मनोबल ऊंचा रखने, संगठित प्रयास से गोबर्धन पर्वत उठाने जैसा प्रयास आदि शिक्षाओं को आत्मसात् कर हम समाज तथा प्रदेश के विकास में बेहतर योगदान दे सकते हैं।

यह बात विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने टीकमगढ़ में जिला युवा यादव समाज द्वारा आयोजित ीकृष्ण महोत्सव 2023 और प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने गीता के प्रबंधन सूत्र का उल्लेख कर युवाओं का आव्हान किया कि वे अपनी ऊर्जा का रचनात्मक उपयोग बड़ी सोच के साथ करे। इस अवसर पर युवा समिति द्वारा प्रमुख सचिव विधानसभा का बुन्देलखण्ड क्षेत्र एवं जिले के गौरव के रूप में सम्मानित किया गया। तदुपरांत युवा प्रतिभाओं को सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। आयोजन में जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित समाज जन भैयन यादव, पूर्व विधायक अजय यादव, श्रीमती रोशनी यादव, एडवोकेट डीपी यादव, डॉ.आर.पी. यादव, यदुकुलनंदन सावरिया, चरण सिंह, जिला युवा समिति पदाधिकारी कमलेश यादव, जितेंद्र यादव, चीकू यादव, शिवेंद्र यादव, विजय, डॉ मुकेश यादव और दीपक सहित बड़ी संख्या में युवा व नागरिक मौजूद थे।

### बमीठा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व समारोह में हुआ जवाबी कीर्तन

**खजुराहो, देशबन्धु।** बमीठा के पुलिस थाना परिसर में सार्वजनिक सहयोग से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, दिनांक 7 सितम्बर से चल रहे उक्त आयोजन में 9 सितम्बर की शाम श्रीकृष्ण झांकी दर्शन के साथ बाहर से आई पार्टियों द्वारा शानदार संगीतमय जवाबी कीर्तन आयोजित हुआ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.घाशीराम पटेल तथा सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश बबलू कुशवाहा शामिल हुए, आयोजन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मलखान सिंह ने घाशीराम पटेल तथा राकेश कुशवाहा की मौजूदगी में सरपंचों,समाजसेवियों तथा प्रतिभाओं का सम्मान किया, उक्त अवसर पर आयोजन समिति के रामकृपाल दीक्षित, हफीज मुहम्मद जमाल खान, गोविंद सिंह टुरया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### घायल युवक की हुई मौत

## जमीन विवाद पर युवक की मारपीट

**घुवारा, देशबन्धु।** बमनौरा थाना क्षेत्र मे जमीनी विवाद को लेकर एक युवक के साथ वेरहमी के साथ इतनी मारपीट की कि घायल युवक को इलाज कराने ले जाते समय ही रास्ते मे मौत हो गई पुलिस ने आरोपियों खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या है मामला :** प्राप्त जानकारी के मुताविक बताया जा रहा बमनौरा गांब के तालाब पार मुहल्ला निवासी नत्थू कुशवाहा उम्र करीब 45 बर्ष का लम्बे समय से गांव के परसू यादव से जमीनी विवाद चल रहा था जिसपर रविवार की सुबह परसू यादव अपने नजदीकी रिस्तेदार अनंतराम यादव को लेकर उसके घर गया लेकिन नत्थू कुशवाहा घर से पहले ही मुहुल्ले मे मिल गया जिसको गाडी में खीचकर ले गये जिसकी सूचना मुहल्लेवासियो ने उसके परिजनो को दी जिसपर उसकी पत्नी ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की सारी जानकारी दी पुलिस ने महिला का आवेदन लेकर अपरहण का मामला पंजीबद्ध कर तलास शुरू कर दी लेकिन आरोपियो के द्वारा मृतक की बहुत बुरी तरह मारपीट कर मृत अवस्था मे सड़क के पास डालकर भाग गये। पुलिस को जानकारी लगते ही घायल के पास पहुंचे जहां घायल युवक को गंभीर चोटे होने के कारण उपचार हेतु घुवारा सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भेजा जहां घायल को गंभीर चोटे होने के कारण जिला अस्पताल रिफर किया गया जहां रास्ते मे ही घायल नत्थू कुशवाहा की मौत हो गई वही मौत की खबर लगते ही पूरे गांव सहित क्षेत्र मे सनसनी महौल बन गया तो बही पुलिस को जानकारी लगते ही मारपीट करने बाले आरोपियो के खिलाफ हत्या का मामला पंजी बद्ध करते हुये जांच शुरू करते हुये आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है।

**आरोपियो ने 4 दिवस पहले मृतक की बेटी से की थी मारपीट :** मृत्क की पत्नी ने मीडिया को जानकारी देते हुये बताया है कि इन लोगो के द्वारा 6 सितम्बर को मैरी बेटी अपने ससुराल जा रही थी तभी रास्ते मे परसू यादब व उनके कुछ साथियो द्वारा मेरे दामाद व बेटी को रोककर मारपीट की थी जिसकी रिपोट मैने पुलिस थाना बमनौरा मे जाकर की लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियो के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गई बही आरोप लगाते हुये कहा कि बमनौरा पुलिस ने पैसा लेकर आरोपियो को बुलाकर ऐसे ही छोड़ दिया।

#### इनका कहना है

जब इस संबंध मे बमनौरा थाना प्रभारी मनोज गोयल से बात हुई तो उनका कहना है कि सुबह कुशवाहा महिला के द्वारा अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज की थी अपरहण का मामला पंजीबद्ध किया तलाश की जिस पर घायल अवस्था मे नत्थू कुशवाहा मिला जिसको इलाज हेतु भेजा गया, लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई।

### भव्य कलश यात्रा निकाली

**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** नगर में 3 दिवसीय श्री हनुमंत कथा व दिव्य दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इसके एक दिन पूर्व रविवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुजन पीले वस्त्र धारण किए थे वहीं महिलाएं सिर पर कलश रखकर जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर और प्रख्यात कथावाचक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की नगर में 11 से 13 सितंबर तक स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में 3 दिवसीय श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। रविवार दोपहर में हनुमान बाग मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं पीली साड़ी पहनकर और कलश को अपने सिर पर रखकर शामिल हुई. वहीं पुरुष भी पीले वस्त्र पहने हुए थे। नगर में अनेक स्थान पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया वहीं जलपान व स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कलश यात्रा में विधायक प्रधुम्न सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष निशा आनंद सिंह बुंदेला के अलावा नगर व क्षेत्र के प्रबुद्धजन प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## आंगनबाड़ी केंद्र में धावा, चोरों ने पार किया गुड़ चिक्की



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** अज्ञात चोर आंगनवाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर पोषण आहार की बोरी, गुड़ चिक्की चुराकर ले गए। घटना के संबंध में कार्यकर्ता ने थाना पुलिस को लिखित आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, वि.खं. अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्र बमनी (ब) के पिछले दरवाजे में लगा कुंदा व चेन तोड़कर चोर अंदर घुसे और केंद्र में रखा पोषण आहार चोरी कर ले गए। केंद्र में पदस्थ्य कार्यकर्ता शैलजा तिवारी ने पुलिस को एक लिखित आवेदन देकर घटना के संबंध में बताया कि, सहायिका रजनी अहिरवार ने सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास केंद्र का ताला खोला तब पिछले दरवाजे में लगा कुंदा व चेन टूटी पाई गई। बच्चों को वितरण करने के लिए केंद्र पर रखे पोषण आहार की बोरी व गुड चिक्की गायब मिली। अलमारी के दरवाजे खुले थे और उसमें रखा रिकार्ड अस्त व्यस्त पड़ा मिला साथ ही रिकार्ड फटा हुआ जमीन पर पड़ा पाया था। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शैलजा तिवारी ने बताया कि, केंद्र बंद होनें के बाद असामाजिक तत्व परिसर में ताश खेलते हैं और शराबखोरी करते हैं। इसे रोकने के लिए ग्रामीणों से सहयोग भी मांगा गया। कार्यकर्ता द्वारा पुलिस को आवेदन देकर चोरी की घटना का सुराग लगाने का आग्रह किया गया है।

# राष्ट्रमंडल और जनकल्याण ब्राह्मण का मूल लक्ष्य है

- शहर में आयोजित ब्रह्म समागम का समापन

**मंदसौर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय परशुराम सेना की प्रदेश इकाई के तत्वावधान में शहर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में विशाल ब्राह्मण समागम का वृहद आयोजन भव्य स्वरूप में संपन्न हुआ। ब्रह्म समागम में 21 सूत्रीय प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें मांग पत्र के रूप में शासन तथा व्यवस्थाओं के प्रमुख घटकों तक पहुंचाया जाएगा। ब्रह्म समागम में वेद मूर्ति पूज्यपाद स्वामी श्री निर्मल चैतन्यजी महाराज पूज्यपाद स्वामी श्री राजेंद्र पुरी जी महाराज,श्री भागवत विद्यापीठ सोला अहमदाबाद के पूज्य आचार्य श्री भागवत ऋषि,धर्माचार्य पं. मिथिलेश नागर, डॉ देवेंद्र शास्त्री, पंडित दशरथ शर्मा, पं. शिवकरण प्रधान, पं.राजेश शर्मा, प. गौरी शंकर शर्मा,पं.पंकज जलारा,हरीश कटवार पं. विष्णु ज्ञानी आदि मंचासीन थे।

ब्रह्म समागम को संबोधित करते हुए स्वामी श्री निर्मल चेतान्यजी महाराज ने कहा कि ब्राह्मण वैदिक परंपरा के वृक्ष होते हैं वेद पुराण उनकी शाखाएं हैं। गाय और ब्राह्मण को वैदिक परंपरा में सर्वोच्च स्थान दिया गया है हमें अपने अंदर के ब्राह्मणत्व को जागृत करते हुए ब्रह्मकर्म के साथ अपने ब्रह्ममोचित नियमों का पालन करना चाहिए ।तभी हमारा प्रभाव संपूर्ण समाज पर पड़ेगा। ब्राह्मण सदैव से पूजनीय रहे हैं। स्वामी श्री राजेंद्र पुरी जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि सृष्टि का मूल वेद है और वेद ब्राह्मण के अधीन है। संपूर्ण ब्रह्मांड के नियामक वेदों की रचना ब्राह्मणों के द्वारा ही की गई है। पं. मिथिलेश नगर ने कहा कि ब्राह्मणों ने ही पूरे विश्व को दिशा दर्शन दिया है। मंदसौर में ब्राह्मण समागम का यह आयोजन ब्राह्मण के साथ-साथ ब्राह्मणत्व के भी भाव को जागृत करें ।यह सभी की आकांक्षाएं हैं। जो 21 प्रस्ताव पारित किए गए हैं उनका ब्रह्म समागम के मंच से भी समर्थन किया जाता है। पं. दशरथ भाई शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण यदि अपने ब्रह्म कर्म का पालन पूरे समर्पित भाव से और नियमानुसार करें तो ब्राह्मण का कभी भी पतन नहीं हो सकता। राजा बनना ब्राह्मण के लिए ना तो कोई बहुत बड़ा लक्ष्य है और नहीं कोई साध्य ब्राह्मणों ने लाखों राजा बनाएं हैं। डॉ. देवेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह भारत के उत्थान का समय है ब्राह्मण जाग गया है। निश्चित ही ब्रह्म समागम के माध्यम से ब्राह्मण जन अपने पूरे स्वाभिमान के साथ अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपनी प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे कायम रखेंगे।

ब्रह्म समागम के मंच से पं. नितिन राजोरा ने 21 सूत्रीय प्रस्तावों का वाचन किया जिनमें मुख्य रूप से ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन कर उसका अध्यक्ष ब्राह्मण समाज के ही किसी व्यक्ति को बनाया जाए। समस्त ब्राह्मण व हिंदू धर्माचार्य संत व कथावाचकों के लिए अमर्यादित भाषा के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले व्यक्ति व वर्ग विशेष पर कठोरता से कार्यवाही व सजा का प्रावधान किया जाए ।एट्रोसिटी एक्ट के तहत बिना जांच के प्रथम सूचना रिपोर्ट नहीं लिखी जाए और ना ही गिरफ्तारी की जाए। प्रमोशन में आरक्षण बंद किया जाए। आरक्षण का आधार आर्थिक हो एक परिवार को केवल एक ही बार आरक्षण का लाभ मिले। स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा क्षेत्र में संस्कृत भाषा सहित भारत की गौरवशाली इतिहास को प्राथमिकता से जोड़ा जाए। मंदिरों को शासन के अधिग्रहण से मुक्त किया जाए,मंदिरों की भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई जाए उनकी नीलामी पर रोक लगे प्रत्येक जिले में ब्राह्मण समाज के छात्रावास व धर्मशाला के लिए भूमि आवंटित की जाए। मंदिर में पुजारी का न्यूनतम मानदेय शासन द्वारा तय किया जाए ।राजनीतिक दल ब्राह्मणों को अवसर व महत्व प्रदान करें। भगवान परशुराम जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए ये प्रमुख प्रस्ताव प्रमुख थे।



सम ब्रह्म समागम का शुभारंभ मंशा सिंह पूज्य संतों को विद्वान ब्रह्म जनों द्वारा दीप प्रज्वलित करवा भगवान परशुराम के विग्रह पर माल्यार्पण कर किया गया संस्कृत पाठशाला के बटु कौन है स्वस्तिवाचन किया। आरंभ में स्वागत उद्बोधन प्रदेश परशुराम सेवा के अध्यक्ष पं. जितेंद्र व्यास ने दिया उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेवा की प्रदेश इकाई ने मंदसौर में इस वृहद ब्रह्म समागम का लक्ष्य ब्रह्म शक्ति को जागृत कर ब्राह्मण जनों को उनके वास्तविक अधिकार और सम्मान दिलाना है। राष्ट्रीय परशुराम सेवा के महामंत्री शिवम शर्मा तथा प्रवक्ता श्री जलारा ने भी संबोधित किया। आरंभ में पूज्य संतों का अतिथियों का स्वागत परशुराम सेवा के प्रदेश अध्यक्ष पं. जितेंद्र व्यास सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष पं.अरुण शर्मा जनपद अध्यक्ष पं. बसंत शर्मा वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ब्रजेश जोशी, दिनेश शर्मा, पं. चमन लाल कटलार वाले, तरुण शर्मा, अरविन्द सारस्वत,हितेश शुक्ला,श्री जगदीश मंदिर जीवागंज पंचायत अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, अशोक त्रिपाठी, जयेश नागर,मांगीलाल शर्मा बानी खेड़ी,प्रदेश मीडिया प्रभारी परशुराम सेना पं.अनिल जोशी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख राजेश शुक्ला,प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थ जोशी, जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, नगर परशुराम सेना के अध्यक्ष गोल्डी शर्मा, महिला मंडल की ओर से श्रीमती विद्या उपाध्याय, सीमा नागर और किरण गौड़ ने किया। ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम को नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने संचालित किया मंच से आवश्यक सूचनाओं तथा दिशा निर्देश देने का दायित्व डॉ. हिमांशु यजुर्वेद ने निभाया। ब्राह्मण समागम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार पं. ब्रजेश जोशी व डॉ.क्षितिज पुरोहित ने किया आभार परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष श्री कांत शर्मा ने माना।

ग्वालियर अंचल के व्यापारिक-औद्योगिक विकास पर संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं

# औद्योगिक क्षेत्र में व्यापारियों पर 2 टैक्स न लगें यह सुनिश्चित करेंगे



- विरोध प्रदर्शन में व्यापारियों पर लगे मुकदमे होंगे वापस
- माधव प्लाजा में दुकानदारों से नहीं लिया जाएगा विलम्ब शुल्क

**भोपाल, देशबन्धु।** व्यापारियों से लिये जाने वाले गार्बेज शुल्क का युक्तियुक्तिकरण किया जायेगा। सोना, चाँदी पर बढ़ाई गई एक्साइज ड्यूटी के विरोध में किए गये आंदोलन व प्रदर्शन के समय व्यापारियों पर दर्ज किए गये सभी मुकदमे वापस लिये जायेंगे। ग्वालियर अंचल के व्यापारिक-औद्योगिक विकास पर मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ग्वालियर द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के हित में ये घोषणाएँ कीं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने व्यापारियों की मांग पर ट्रांसपोर्ट नगर में उच्च गुणवत्ता की सीमेंट कंक्रीट बनाए जाने की मांग पर सड़कों के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। औद्योगिक क्षेत्र को संपत्तिकर मुक्त किए जाने की मांग पर उन्होंने कहा कि इसका परीक्षण कराया जायेगा और औद्योगिक क्षेत्र में व्यापारियों पर दो टैक्स न लगे यह सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए माधव प्लाजा में व्यापारियों से विलम्ब शुल्क न लिए जाने की भी घोषणा की। नगर निगम के नामांतरण को संपत्ति की रजिस्ट्री से जोड़ने की व्यवस्था भी होगी। प्रोफेशनल टैक्स के संबंध में शासन स्तर से विचार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के संबंध में कहा कि जल उपभोक्ताओं के बकाया बिलों के लिये विद्युत विभाग की तरह ही योजना बनाकर जल उपभोक्ताओं के लंबित बिलों का निराकरण किया जायेगा। इसके लिये शासन स्तर से रणनीति बनाकर कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि व्यापारी की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। आवश्यक हुआ तो संबंधित कानूनों में भी प्रावधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आपदा और विपदा के समय व्यापारियों को आर्थिक सहयोग करने के लिये सरकार व्यापारियों को बैंक ऋण उपलब्ध कराने की सुविधा उपलब्ध करायेगी।

## सूखे, नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के निर्देश

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि औद्योगिक विकास के बिना प्रदेश या देश का विकास नहीं हो सकता। सरकार की प्राथमिकता है कि व्यापारियों को व्यापार के लिये हर सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चौतरफा जो विकास हुआ है। इसमें व्यापारियों और उद्योग धंधों का बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश की सकल विकास दर में पहले मध्यप्रदेश 3 प्रतिशत का योगदान देता था। अब बढ़कर 4 प्रतिशत से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले जहाँ मध्यप्रदेश का बजट 21 हजार करोड़ था, उसे बढ़ा कर हमने 3 लाख 14 हजार करोड़ रूपए किया है। अब 47 लाख हैक्टेयर में सिंचाई हो रही है। हर क्षेत्र में विकास का परचम लहराया है।

जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### प्रदेश में अभूतपूर्व कार्य हो रहे : सिंधिया

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार ने 1906 में चेम्बर ऑफ कॉमर्स की स्थापना की थी। तब से चेम्बर ऑफ कॉमर्स व्यापार और उद्योगों के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में देश ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। विकास की दौड़ में अब हमारा देश पाँचवे स्थान पर है। जिसे तीसरे स्थान पर लाने के लिये देश तेजी से कार्य कर रहा है। देश के विकास में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने व्यापारियों के हित में मांग रखी और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री की घोषणाओं का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत, कहा-


# लाड़ली बहनों को खुशहाल, सक्षम और स्वाबलंबी बनाएगी सरकार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में पूरे देश में एक रोल मॉडल बनती जा रही है। पहले लाडली लक्ष्मी योजना और फिर लाडली बहना योजना से समाज और परिवार में बच्चियों, महिलाओं की स्थिति में जो परिवर्तन आ रहे हैं, वो अब स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। ग्वालियर के लाडली बहना सम्मेलन में मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की 1.31 करोड़ लाडली बहनों के लिए जो घोषणाएं की हैं, वो उन्हें खुशहाल, सक्षम और स्वाबलंबी बनाएंगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लाडली बहनों के लिए मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई नई घोषणाओं का स्वागत करते हुए कही। श्री शर्मा ने लाडली बहनों के खातों में 1269 करोड़ की एक और किस्त डालने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

उन्होंने प्रदेश के तीन टोल टैक्स नाकों के संचालन की जिम्मेदारी बहनों को देने संबंधी मुख्यमंत्री की घोषणा को एक क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इन नाकों पर हुए कलेक्शन की राशि का 30 प्रतिशत नाके का संचालन कर रही बहनों को मिलेगा। इससे न सिर्फ उन्हें आर्थिक लाभ होगा, बल्कि उनके मन में सक्षम होने का भाव भी जागृत करेगा। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने लाडली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने तथा उनके एक किलोवाट तक के बिजली के बिल 100 रुपये करने की घोषणाएं भी की हैं। इन दोनों ही घोषणाओं से परिवार पर पड़ने वाले आर्थिक भार में कमी आएगी और बहनों के जीवन में खुशहाली बढ़ेगी।

## संविधान विशेषज्ञ काश्यप को प्रमुख सचिव ने भेंट की स्वलिखित पुस्तक



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने दिल्ली में संविधान विशेषज्ञ एवं पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित एक राष्ट्र एक निर्वाचन समिति के सदस्य सुभाष काश्यप से भेंट कर उन्हें विधान मण्डल पद्धति प्रक्रिया पर लिखित अपनी पुस्तक भेंट की और संविधान व संसदीय प्रक्रिया पर सौ से अधिक पुस्तकों के लेखक श्री काश्यप से कई संसदीय विषयों पर बातचीत की। इस अवसर पर श्री काश्यप ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे राज्यों में विधायिका के सदस्यों के लिए बेहद उपयोगी बताया। साथ ही श्री काश्यप द्वारा शीघ्र ही इस पुस्तक का द्वितीय संस्करण निकालने और इसका रूपांतरण अंग्रेजी में कराने का सुझाव दिया गया।

युवा कुशवाहा समाज के प्रांतीय सम्मेलन में पहुंचे कमलनाथ, बोले-

# सरकार बनने पर कुशवाहा समाज को समस्याओं से मुक्ति दिलाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के टीटी नगर दशहरा मैदान में आयोजित अखिल भारतीय युवा कुशवाह समाज के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि कुशवाहा समाज प्रदेश में बड़ी संख्या में निवास करता है। प्रदेश की भाजपा सरकार इस वर्ग की समस्याओं को नजर अंदाज कर उनके साथ अत्याचार और शोषण कर रही है। कांग्रेस सरकार आने पर कुशवाहा समाज को समस्याओं से मुक्ति दिलाएंगे।

सम्मेलन में कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा एवं समाज के लोगों द्वारा आगामी विधानसभा में अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व दिये जाने की मांग की गई। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 में 25 विधानसभा सीटों पर समाज को टिकिट दिये जायें।

कुशवाहा समाज महासंगम में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जे.पी. धनोपिया, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण सहित प्रदेश भर से आये सैनी, मोर, माली, मछुआ, माझी समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों, कांग्रेस पक्ष के पूर्व मंत्री, पूर्व एवं वर्तमान विधायक, सरपंच सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों सहित समाज के विभिन्न संगठनों एवं दलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### प्रदेश में में चल रहा घोटाला जी-18

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप की सियासत जारी है। इसी कड़ी में कमलनाथ ने आज ट्वीट कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट किया कि दिल्ली में जी-20 हुआ। एमपी में भाजपा सरकार के राज में घोटाला (जी)-18 चल रहा है। कमलनाथ ने कहा कि दिल्ली में जी-20 हुआ, पर प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में जी-18 चल रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि 225 महीने की सरकार में 225 से ज्यादा तो महा घोटाले हो गए हैं, और छोटे घोटालों की तो गिनती नहीं हैं।

नायब तहसीलदार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने माना आभार, बोले शिवराज

# अपनी चिंता मुझ पर छोड़ दें



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से नायब तहसीलदार संघ के प्रतिनिधि-मंडल ने निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में भेंट कर नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा देने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी नायब तहसीलदारों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप सरकार के महत्वपूर्ण अंग हैं। जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में नायब तहसीलदारों की उल्लेखनीय भूमिका रहती है। वे जमीनी स्तर पर योजनाओं को पहुँचाते हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अपनी चिंता मुझ पर छोड़ दें, प्रशासनिक कार्यों को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से पूरा करें। आपकी कठिनाइयों को हम दूर करेंगे। संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि प्रशासनिक अमला हर कदम पर राज्य सरकार का सहयोग करेगा। संघ के सदस्यों ने बड़ी माला पहना और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# जी-20 ने एकता का संदेश दिया : मैक्रों



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जी-20 के दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया। मैक्रों कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन ने एकता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने सिद्धांतों के प्रति वफादार है और उसने एकजुटता व शांति का संदेश देने के लिए समूह की मेजबानी के लिए अपनी पूरी कोशिश की। जबकि रूस अभी भी यूक्रेन पर अपनी आक्रामकता जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, हम वैश्विक शासन में गहराई से सुधार का समर्थन करते हैं। सुरक्षा परिषद, (यूएनएससी), विश्व बैंक और आईएमएफ को जनसांख्यिकी व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में वास्तविकता को प्रतिबिंबित करना होगा।

हम उपलब्ध साधनों को बढ़ाना चाहते हैं। हम विश्व बैंक को फिर से भरना चाहते हैं। फ्रांस इसका समर्थन कर रहा है, ताकि उभरते देश बड़ी भूमिका निभा सकें। मैक्रों ने कहा, हम अफ्रीकी देशों के ऋण पुनर्गठन के लिए उभरते देशों से अधिक प्रतिबद्धताओं की उम्मीद करते हैं। हम और अधिक काम करने के लिए तैयार हैं। आज हमने यह कहा है कि यह एक ही एजेंडा है कि दुनियाभर से अधिक से अधिक वित्तपोषण को जुटाना। फ्रांस ने अपनी प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाया है और हम विकास परियोजनाओं के लिए आबंटित हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 0.5 फीसदी तक पहुंच गए। हम चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसा ही हो। भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, अतिरिक्त अनुबंध और खरीद आने वाले महीनों और वर्षों में होंगी।

## भारत दुनिया में एक असाधारण महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था : ट्रूडो

भारत-कनाडा संबंधों पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा हम मानते हैं कि भारत दुनिया में एक असाधारण महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था है और जलवायु परिवर्तन से लड़ने से लेकर नागरिकों के विकास और समृद्धि तक हर चीज में कनाडा का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम काम करना जारी रखेंगे। खालिस्तानी आतंकवादियों और विदेशी हस्तक्षेप पर उन्होंने कहा, दोनों मुद्दे सामने आए। वर्षों से पीएम मोदी के साथ हमने उन दोनों मुद्दों पर कई बार बातचीत की है। कनाडा हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विवेक की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध की स्वतंत्रता की रक्षा करेगा और यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही हम हिंसा को रोकने और नफरत को कम करने के लिए हमेशा मौजूद हैं। मुझे लगता है कि कुछ लोगों के काम पूरे समुदाय या कनाडा का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। इसका दूसरा पक्ष यह है कि हमने कानून के शासन का सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया है और हमने विदेशी हस्तक्षेप के बारे में बात की है।

जी-20 शिखर सम्मेलन द्वारा दिल्ली घोषणा को अपनाने के एक दिन बाद, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि इसमें रूस का उल्लेख नहीं है और पिछले साल की बाली घोषणा से एक प्रमुख विचलन में यूक्रेन संकट को यूक्रेन में युद्ध के रूप में वर्णित किया गया है। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि आज जब दुनिया जटिल संकट का सामना कर रही है, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के प्रमुख मंच के रूप में जी-20 में सहयोग तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यूक्रेन पर रूस की आक्रामकता जी-20 में सहयोग की नींव को हिला रही है। आगे चलकर यह विश्व अर्थव्यवस्था पर भारी प्रभाव डालेगा। जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठकों के दौरान, उनके देश ने यूक्रेन में सैनिकों की तत्काल वापसी और स्थायी शांति का आह्वान किया।

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि पूरी बैठकों के दौरान जापान ने रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी के लिए दबाव डाला था। यूक्रेन में न्यायसंगत और टिकाऊ शांति की बात कही थी। हमने अपनी स्थिति को रेखांकित किया कि रूस के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की बात तो दूर, इसकी धमकी देना भी बिल्कुल अस्वीकार्य है। मैंने संघर्ष के बीच कमजोर लोगों को वैश्विक समुदाय से सहायता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष के अध्यक्ष के रूप में भारत के नेतृत्व में हम जी-20 नेताओं की घोषणा पर सहमत होने में सक्षम थे जो वास्तव में एक सार्थक उपलब्धि है। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि पिछले पांच दिन में मैंने जकार्ता में आसियान-संबंधित शिखर सम्मेलन और जी-20 नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लिया। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, मैं दोनों सम्मेलनों के अध्यक्ष के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको और यहां प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी तथा दोनों सरकारों के सदस्यों के प्रति अपना गहरा सम्मान और सराहना व्यक्त करता हूं।

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में किया सुधार का आह्वान

विश्व में बहुपक्षवाद को मजबूत करने और संयुक्त राष्ट्र सहित सभी बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार के आह्वान के साथ जी-20 शिखर सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया और भारत ने जी-20 समूह की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप दी। मोदी ने सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करते हुए कहा कि आज हर वैश्विक संस्था को अपनी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए सुधार करना आवश्यक है। इसी सोच के साथ हमने कल ही अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की ऐतिहासिक पहल की है। इसी तरह, हमें बहुपक्षीय विकास बैंकों के कार्यक्षेत्र का विस्तार भी करना होगा। इस दिशा में हमारे फैसले तत्काल और प्रभावी भी होने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर में जी-20 के नेताओं के एक वर्चुअल शिखर बैठक बुलाने की बात कही और सभी नेताओं से उसमें शिरकत करने की अपील की। इससे पहले अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि कल हमने एक पृथ्वी और एक परिवार सत्रों में व्यापक चर्चा की। मुझे संतोष है कि आज जी-20, एक पृथ्वी, एक परिवार और एक साझा भविष्य के विज़न को लेकर, आशावादी प्रयासों का प्लेटफॉर्म बना है। यहां हम ऐसे भविष्य की बात कर रहे हैं, जिसमें हम ग्लोबल विलेज से आगे बढ़कर वैश्विक परिवार को हकीकत बनता देखें। एक ऐसा भविष्य, जिसमें देशों के केवल हित ही नहीं जुड़े हों, बल्कि हृदय भी जुड़े हों। उन्होंने ने कहा कि तेजी से बदलते विश्व में हमें परावर्तन के साथ-साथ सातत्य और स्थिरता की भी उतनी ही जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें प्रण लेना चाहिए कि हरित विकास करार, सतत विकास लक्ष्यों पर कार्ययोजना, भ्रष्टाचार रोधी उच्चस्तरीय सिद्धांत, डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और बहुपक्षीय बैंकों में सुधार के अपने संकल्पों को सिद्धि तक लेकर जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र के गठन से आज तक दुनिया हर लिहाज से बहुत बदल चुकी है। परिवहन हो, संचार हो, स्वास्थ्य, शिक्षा, हर क्षेत्र का कायाकल्प हो चुका है। ये नयी वास्तविकताएं हमारे नये वैश्विक ढांचे में प्रतिबिंबित होनी चाहिए। ये प्रकृति का नियम है कि जो व्यक्ति और संस्था समय के साथ स्वयं में बदलाव नहीं लाती है, वो अपनी प्रासंगिकता खो देती है। हमें खुले मन से विचार करना होगा कि आखिर क्या कारण है कि बीते वर्षों में अनेक क्षेत्रीय मंच अस्तित्व में आए हैं, और वो प्रभावी भी सिद्ध हो रहे हैं।



### जी-20 शिखर सम्मेलन में होते तो मजबूती से रखते अपनी बात : यूलिया क्लीमेंको


नई दिल्ली। यूक्रेनी सांसद यूलिया क्लीमेंको ने कहा कि यूक्रेन की बात यूक्रेन के बिना ही कर दी गई। जबकि इस समय युद्ध की असली स्थिति क्या है, यह हम ज्यादा और सटीक तरीके से बता सकते हैं, लेकिन हमारी बात सुने बिना ही जी 20 ने इस पर अपना मत व्यक्त कर दिया। यूलिया ने कहा कि जी-20 की इस शीर्ष स्तरीय बैठक में यूक्रेन को न बुलाया जाना दुखद है। यदि हमें इस बैठक में बुलाया गया होता तो हम अपनी बात ज्यादा मजबूती के साथ रखते। विशेषकर जब इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने न आने की स्पष्ट जानकारी दे दी थी, यूक्रेन को बुलाने पर कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए थी। इसे (यूक्रेन को जी 20 में न बुलाने को) बहुत अच्छा कूटनीतिक कदम नहीं कहा जा सकता। चर्चा है कि नई दिल्ली घोषणा पत्र के मसौदे पर अंतिम रूप से सर्वानुमति बनाने के लिए हरियाणा में 3 सितंबर को एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। इसमें शुरूआती दौर में कुछ सदस्य देशों के द्वारा कुछ मुद्दों पर अपनी आपत्तियां जाहिर की गई थी।

## हम देश का नाम नहीं, 'प्रधान' बदलेंगे



**जलगांव, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए, शिव सेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन पिछले पखवाड़े मुंबई में राष्ट्रीय विपक्षी दलों के सम्मेलन की सफलता से 'हिल गया' है। ठाकरे ने यहां दोपहर के समय एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, वे 'इंडिया' गठबंधन से इतने परेशान हैं कि उन्होंने देश का नाम बदलकर (अंग्रेजी में भी) भारत कर दिया है हम इस तरह के नाम-परिवर्तन के खेल में शामिल नहीं होंगे' हम अगले (लोकसभा) चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी और देश के प्रधानमंत्री को बदल देंगे' भाजपा 2024 के चुनावों में सत्ता में नहीं लौटेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि इंडिया, भारत या हिंदुस्तान सभी हमारे नाम हैं और हम जो चाहें उसका उपयोग करेंगे और कोई भी इसे हम पर थोप नहीं सकता।

# चंद्रबाबू को 22 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**विजयवाड़ा, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा की एक अदालत ने रविवार को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में टीडीपी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को 22 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। लंबी बहस और दिन भर के तनाव के बाद

एसीबी कोर्ट ने फैसला सुनाया। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो, जिन्हें शनिवार सुबह सीआईडी ने गिरफ्तार किया था, को राजमुंदरी सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। अदालत का आदेश टीडीपी के लिए एक बड़ा झटका है, जिसके नेता अनुकूल फैसले की उम्मीद कर रहे थे। कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद नायडू के वकीलों ने जमानत याचिका दायर की। यह फिलहाल स्पष्ट नहीं था कि याचिका पर तुरंत सुनवाई होगी या नहीं। सुबह करीब छह बजे शुरू हुई बहस करीब छह घंटे तक जारी रही। जहां अभियोजन पक्ष ने नायडू की 15 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की, वहीं टीडीपी नेता के वकील ने इसका विरोध किया। दोपहर करीब तीन बजे दलीलों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद नायडू, उनके वकील, परिवार के सदस्य और टीडीपी नेता उत्सुकता से फैसले का इंतजार कर रहे थे।

### टीडीपी प्रमुख ने खुद रखी दलीलें

टीडीपी प्रमुख ने स्वयं न्यायाधीश के समक्ष दलीलें रखी थीं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को अवैध और राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**शांति के संदेश के साथ....** अगस्त में अपने देश में जी-20 सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस मौके पर जी-20 का कुशलतापूर्वक भव्य आयोजन करने और शिखर सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए डिसिल्वा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र को बधाई दी। साथ ही उभरती अर्थव्यवस्था के हितों से जुड़े मुद्दों को आवाज देने के लिए भारत के प्रयासों के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहाकि वे एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं,जहां धन अधिक केंद्रित है,जहां लाखो लोग अभी भूखे सोते हैं,जहां सतत विकास को हमेशा खतरा रहता है,जिसमें सरकारी संस्थान अभी वास्विकता को प्रतिबिंबित करते हैं। इन सभी समस्याओं का सामना तभी कर सकते हैं,जब तमाम असमानताओं को खत्म करेंगे।

**जरा सी बारिश में तैरता....** थोड़ी सी बारिश में तैरता नजर आया, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि दिन में ज्यादा बारिश न हो और जी20 शिखर सम्मेलन सकुशल संपन्न हो गया। मोदी सरकार ने गरीबों को पर्दे से ढक दिया है, लेकिन कोई भी दिखावा उसके कुकर्मों को नहीं ढक सकता।' सुरजेवाला ने कहा, वैसे भी, मोदी सरकार में आयोजनों और उद्घाटनों के बाद कुछ नहीं टिकता।

**नीदरलैंड पहुंचे राहुल....** जो मैं चाहता हूं। मुझे नहीं लगता कि जिस प्रकार की राजनीतिक कल्पना की आवश्यकता है, वह वर्तमान में मौजूद है। हमें उस राजनीतिक कल्पना को फिर से बनाने की जरूरत है जो समस्या का समाधान करेगी। सांसद ने कहा कि उनके लिए यह भारत की केंद्रीय समस्या है जो किसी भी अन्य समस्या से बड़ी है। उन्होंने कहा, हिंदू राष्ट्रवादी शब्द, यह गलत शब्द है, वे हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं, उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है।

**सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पैटर्न....** में और भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के अंतर्गत11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान विषयों का चयन सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा में अपनी पसंद के विषय चुनने की सुविधा मिलेगी।

**लाड़ली बहनों को साढ़े 4 सौ....** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्वालियर की जन-दर्शन यात्रा में उमड़े अपार जन-समूहों ने पुष्प-वर्षा और ढोल-ढमाकों के साथ भव्य स्वागत किया। जन दर्शन यात्रा (रोड शो) के दौरान भारत माता की जय और वंदे-मातरम के घोष के बीच आगे बढ़ते मुख्यमंत्री श्री चौहान के विकास रथ का घरों की छतों, स्वागत मंचों से पुष्प-वर्षा के साथ स्वागत होता रहा। सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री से जनदर्शन के दौरान लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना सेना, संबल योजना, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हितग्राहियों, स्व-सहायता समूहों की दीदियाँ, युवा उद्यमी व सीखो-कमाओ योजना से लाभान्वित युवा, पीएम स्वनिधि से लाभान्वित हितग्राही, स्कूटी वितरण से लाभान्वित विद्यार्थी, उज्ज्वला गैस कनेक्शन से लाभान्वित हितग्राही और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों ने भेंट की।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।